बागेश्वर धाम एवं मेहंदीपुर बालाजी के चरणों में समर्पित

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# संस्कार उजाला

सच का हुंकार

sanskarujala@gmail.com

संस्थापक स्व० सुखराम शर्मा एवम शिवकुमार शर्मा, श्री प्रकाशवीर

गाजियाबाद से प्रकाशित, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, हरियाणा, सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, हापुड, बुलंदशहर, मथुरा आगरा, इटावा, कानपुर एंव लखनऊ से प्रसारित

वर्ष : 11 अंक : 158 | बुधवार 27 सितम्बर 2023 गाजियाबाद | RNI No-UPHIN / 2013 / 50466 | पेज: 8 मूल्य : 2 रुपया

गाजियाबाद में मात्र रू0 6.5 लाख (छैः लाख पचास हजार) में मकान खरीदने हेतु सम्पर्क करें

मो0 9868944025

लोन सुविधा उपलब्ध है

## बीजेपी की दूसरी लिस्ट में सिंधिया समर्थकों को झटका, 2 विधायकों का कट गया टिकट; कांग्रेस ने भी कसा तंज

भारतीय जनता पार्टी ने मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार रात दूसरी लिस्ट जारी की। पार्टी ने 3 केंद्रीय मंत्री और चार सांसद समेत कई बड़े चेहरों को विधानसभा चुनाव में उतारा है।

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार रात दूसरी लिस्ट जारी की। पार्टी ने 3 केंद्रीय मंत्री और चार सांसद समेत कई बड़े चेहरों को विधानसभा चुनाव में उतारा है। दूसरी सूची में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की करीबी इमरती देवी का भी नाम है। इमरती देवी को डबरा सीट से टिकट दिया गया है। हालांकि, सिंधिया समर्थक दो विधायकों का टिकट कट गया है। सिंधिया के साथ कांग्रेस से भाजपा में आए जसवंत जाटव और गिर्राज दंडौतिया का टिकट काट दिया गया है। बीजेपी ने सोमवार रात 39 विधायकों की सूची जारी की तो टिकट की उम्मीद लगाए बैठे कई नेताओं को बड़ा झटका लगा। पार्टी ने 2 दशक की एंटी इनकंबेंसी की काट के लिए बड़े चेहरों पर दांव खेला है। पार्टी ने कई मुश्किल सीटों पर केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों को चुनाव में उतारा है। पार्टी के दिग्गज नेता कैलाश विजयवर्गीय को भी इंदौर-1 सीट से उतारा गया है। भाजपा ने जहां केंद्र की राजनीति से कई चेहरों को राज्य में भेजा है तो वहीं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के कुछ समर्थकों का टिकट कट गया है।

**रावण ने कुंभकर्ण, अहिरावण, मेघनाद उतारा था; BJP की लिस्ट पर कांग्रेस**

सिंधिया के करीबी जसवंत जाटव का करैरा विधानसभा सीट से टिकट काट गया है। पार्टी ने इस बार इस सीट पर रमेश खटीक पर भरोसा जताया है। वहीं,



दिमनी विधानसभा सीट से गिर्राज दंडौतिया को भी निराशा हाथ लगी है। पार्टी ने इस सीट से केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को चुनाव टिकट दिया है। देखना दिलचस्प होगा कि जसवंत जाटव और गिर्राज दंडौतिया को आगे किसी सीट से मौका दिया जाता है या नहीं।

**कांग्रेस का सिंधिया पर तंज**

चुनाव में कई मंत्रियों और सांसदों को उतारे जाने को लेकर कांग्रेस ने मोदी कैबिनेट के सदस्य ज्योतिरादित्य सिंधिया पर तंज कसा है। कांग्रेस ने आधिकारिक एक्स हैंडल पर लिखा, ज्योतिरादित्य सिंधिया को टिकट तक नहीं, सूत्रों का दावा -बीजेपी ने सरपंच पद के लिये भी कुछ लोगों को रिजर्व रखा। श्रीमंत से श्री अंत तक।

### कावेरी जल विवाद ने रोकी बंगलुरू की रफ्तार, विरोध प्रदर्शन रोकने के लिए भारी संख्या में पुलिस तैनात

**बंगलुरू।** कावेरी जल विवाद के चलते विभिन्न संगठनों ने मंगलवार को बंगलुरू में बंद का आह्वान किया है। इसके चलते देश की आईटी राजधानी बंगलुरू की रफ्तार थम गई है। हालांकि राज्य के बस परिवहन निगम बीएमटीसी ने कहा है कि उनकी बसें सभी रूटों पर सामान्य रूप से परिचालन करेंगी। हालांकि सड़कों पर लोग नहीं दिख रहे हैं।

**बंगलुरू में सुरक्षा के कड़े इंतजाम**-बंगलुरू की सड़कों पर काफी कम लोग दिख रहे हैं। एक बस कंडक्टर ने बताया कि बंद की वजह से कैम्पेगोड़ा बस स्टॉप पर बहुत कम लोग हैं, जबकि आम तौर पर यहां काफी भीड़ रहती है। कावेरी जल विवाद के चलते लोग इतने नाराज हैं कि एक ऑटो ड्राइवर ने बंद का समर्थन करते हुए कहा कि विभिन्न संगठनों द्वारा बुलाए गए बंद का हम समर्थन करते हैं। हमारा स्टैंड साफ है कि हम किसी भी राज्य को पानी नहीं देंगे। सिर्फ रात में ऑटो चलेंगे। बंद के चलते विरोध प्रदर्शनों को देखते हुए सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम किए गए हैं। बंगलुरू सेंट्रल के डीसीपी टी टेक्कनावर ने बताया कि पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गई है। कमिश्नर के आदेश के मुताबिक किसी भी विरोध प्रदर्शन की इजाजत नहीं दी जाएगी। फिलहाल ट्रैफिक सामान्य है।

**क्या है विवाद**-बता दें कि तमिलनाडु और कर्नाटक के बीच कावेरी जल विवाद लंबे समय से जारी है। साल 1892 और 1924 में मद्रास प्रेसीडेंसी और मैसूर साम्राज्य के बीच हुए दो समझौतों के तहत दोनों राज्यों में कावेरी नदी के पानी के बंटवारे पर सहमति बनी थी। पानी के बंटवारे पर असहमति को दूर करने के लिए साल 1990 में कावेरी जल विवाद न्यायाधिकरण की भी स्थापना की गई। पहले भी दोनों राज्यों के बीच पानी को लेकर विवाद हो चुका है। साल 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कर्नाटक को जून और मई के बीच तमिलनाडु के लिए 177 टीएमसी पानी छोड़ने का आदेश दिया था। लेकिन इस बार तमिलनाडु ने कर्नाटक से 15 हजार क्यूसेक और पानी छोड़ने की मांग की। कर्नाटक के विरोध के बाद कावेरी जल विवाद न्यायाधिकरण ने 10 हजार क्यूसेक पानी छोड़ने की मांग की लेकिन तमिलनाडु का आरोप है कि कर्नाटक ने 10 हजार क्यूसेक पानी भी नहीं छोड़ा है।

## मनमोहन सिंह के मुरीद हुए केजरीवाल, बर्थडे पर पूर्व पीएम की खूब तारीफ

**नई दिल्ली।** कभी मनमोहन सिंह सरकार के दौरान भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन चलाकर राजनीति में आए अरविंद केजरीवाल ने एक बार फिर पूर्व पीएम की तारीफ की है। मनमोहन सिंह के जन्मदिन पर केजरीवाल ने उनकी जमकर तारीफ करते हुए बधाई दी है। इससे पहले जब हाल ही में दिल्ली सर्विसेज विधेयक पर वोटिंग के दौरान मनमोहन सिंह व्हीलचेयर पर बैठकर राज्यसभा पहुंचे थे तो दिल्ली के मुख्यमंत्री ने उनकी तारीफ की थी। केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पूर्व पीएम को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना की तो देश, संविधान और लोकतंत्र के लिए उनकी प्रतिबद्धता की तारीफ की। केजरीवाल ने लिखा, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी के लिए जन्मदिन शुभकामनाएं। हमारे देश, संविधान और लोकतंत्र के प्रति आपका अटूट समर्पण और प्रतिबद्धता हम सबको प्रेरित करता रहेगा। आपके लिए अच्छे स्वास्थ्य, खुशी और लंबे जीवन की कामना करता हूं। 2004 से 2014 तक देश के प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह के दूसरे कार्यकाल के दौरान उनकी सरकार पर भ्रष्टाचार के कई आरोप लगे थे। इसी दौरान अरविंद केजरीवाल ने सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे की अगुआई में भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन चलाया था। इस दौरान केजरीवाल मनमोहन सिंह और उनके मंत्रियों के कटु आलोचक थे। हालांकि, पिछले एक दशक में यमुना में काफी पानी बह चुका है और केजरीवाल भी अब कांग्रेस की अगुआई में बने इंडिया गठबंधन में शामिल हैं।



**91 साल के हुए मनमोहन**-पूर्व पीएम मनमोहन सिंह का मंगलवार को 91वां जन्मदिन है। उनका जन्म 1932 में पंजाब के गाह गांव में हुआ था जो अब पाकिस्तान का हिस्सा है। सिंह ने 2004 से 2014 तक प्रधानमंत्री के रूप में सेवाएं दीं। सिंह ने 1991 से 1996 तक तत्कालीन प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हा राव के नेतृत्व वाली सरकार में वित्त मंत्री के रूप में कार्य किया था। उन्हें सरकार द्वारा किए गए आर्थिक सुधारों के प्रमुख वास्तुकार होने का श्रेय दिया जाता है। सिंह इस समय राज्यसभा के सदस्य हैं। वह पिछले कुछ समय से बीमार हैं।

## राम मंदिर पर बम गिराएंगे और मुस्लिमों पर फोड़ेंगे ठीकरा

### कांग्रेस विधायक बीआर पाटिल के बयान पर बवाल

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में कांग्रेस के विधायक बीआर पाटिल के एक बयान से बवाल हो गया है। उन्होंने भाजपा की आलोचना करते हुए कहा कि ये लोग राम मंदिर पर बम फेंक सकते हैं और उसका दोषी मुस्लिम समाज के लोगों को बता सकते हैं। इसके जरिए इनकी कोशिश होगी कि हिंदू वोटों को एकजुट करके लोकसभा चुनाव में जीत हासिल कर ली जाए। कांग्रेस विधायक के इस बयान वाले वीडियो को कर्नाटक भाजपा ने अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट पर शेयर किया है। भाजपा ने इस मामले में कांग्रेस हाईकमान से माफी की मांग की है।

यही नहीं पार्टी ने कहा कि कांग्रेस राम मंदिर को नुकसान पहुंचाकर हिंदू और मुसलमानों को लड़ाना चाहती है। फिर उसका दोष सरकार पर मढ़ने की तैयारी है। भाजपा की ओर से शेयर वीडियो में कांग्रेस विधायक को कन्नड़ में बोलते सुना जा सकता है। वह कहते हैं, अगले लोकसभा



चुनाव में मोदी की जीत के लिए भाजपा राम मंदिर पर बम गिरवा सकती है। फिर इसका दोष मुसलमानों पर लगाकर हिंदुओं को एकजुट करने की कोशिश करेगी। यह स्पष्ट नहीं है कि बीआर पाटिल का यह बयान कब का है। लेकिन भाजपा जरूर इस पर हमलावर हो गई है और इसे हिंदू आस्था का अपमान बताया है। भाजपा ने सोशल मीडिया पर लिखा, हिंदुओं की आस्था पर अकसर सवाल उठाने वाले कांग्रेस के नेताओं की बुरी नजर अब राम मंदिर पर भी है। ये लोग राम मंदिर को नुकसान पहुंचाकर हिंदू और मुसलमानों में लड़ाई कराना चाहते हैं और उसका दोष सरकार पर मढ़ने की तैयारी है। यही वजह है कि पार्टी का एक मंत्री इस तरह की बात कर रहा है। बता दें कि लोकसभा चुनाव के लिहाज से कर्नाटक भी अहम राज्य हैं।

**लोकसभा चुनाव में क्यों अहम कर्नाटक, भाजपा हो गई JDS संग तैयार**

यहां लोकसभा की कुल 28 सीटें हैं, जिनमें से 25 पर भाजपा ने 2019 में जीत हासिल की थी। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने बड़ी जीत हासिल की थी। इसलिए वह लोकसभा चुनाव में भी अपने लिए मजबूत संभावनाएं देख रही है। जबकि भाजपा ने जनता दल सेक्युलर से गठबंधन कर लिया है और उसे 4 सीटें देने पर भी सहमति जताई है। माना जा रहा है कि जेडीएस और भाजपा मिलकर कड़ी चुनौती पेश करेंगी।

## पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का 91वां जन्मदिन पर पीएम मोदी ने दी शुभकामनाएं



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह का 91वां जन्मदिन हैं। इस मौके पर पीएम नरेन्द्र मोदी ने उन्हें बधाई दी।

'मैं लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करता हूं' पीएम मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा-पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं। मैं उनकी लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करता हूं।

**1932 में मनमोहन सिंह का हुआ जन्म**

बता दें, मनमोहन सिंह का जन्म 1932 में हुआ था। उन्होंने 2004 से लेकर 2014 तक भारत के प्रधानमंत्री के रूप में काम किया है। वे 1991 से 1996 तक तत्कालीन प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हा राव के नेतृत्व वाली सरकार में वित्त मंत्री रहे। उन्हें सरकार द्वारा किए गए आर्थिक सुधारों का प्रमुख वास्तुकार माना जाता है।

**राज्यसभा सदस्य हैं मनमोहन सिंह**

मौजूदा समय में डॉ. मनमोहन सिंह राज्यसभा सदस्य हैं। वे पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे हैं। उन्हें संसद की कार्यवाही के दौरान भी कुर्सी पर बैठे हुए देखा गया है।

## मणिपुर की दो दिल दहलाने वाली तस्वीरें, स्टूडेंट्स को बेरहमी से मारा; नहीं मिले शव

**इंफाल।** मणिपुर के दो स्टूडेंट जुलाई में लापता हो गए थे। अब उनके शवों की तस्वीरें सामने आई हैं। हालांकि शवों की तलाश अब भी जारी है। मणिपुर सरकार का कहना है कि सीबीआई मामले की जांच कर रही है। वहीं दो ऐसी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं जो दिल दहलाने वाली हैं। तस्वीरों के सामने आने के बाद लोगों में काफी रोष है। वहीं राज्य सरकार का कहना है कि हत्या के पीछे अपराधियों को कड़ी सजा मिलेगी। सुरक्षाबल उनकी तलाश में लगे हैं।

**दोनों तस्वीरों में क्या है**

मैतेई समुदाय के तो छात्र जुलाई में महीने में लापता हो गए थे। उसमें 17 साल की हिजाम लिनथोइंगंबी और 20 साल का फिजाम हेमजीत शामिल हैं। पहली तस्वीर में दोनों डरे सहमे बैठे दिखाई देते हैं। छात्रा ने सफेद टीशर्ट पहन रखी है वहीं हेमजीत चेक शर्ट में है।



उसके पास एक बैगपैक भी है। उनके पीछे दो बंदूकधारी दिख रहे हैं जो आपस में कुछ बात कर रहे हैं। दूसरी तस्वीर बेहद वीभत्स है। इसमें दिख रहा है कि झाड़ियों में दो शव पड़े हैं। यह तस्वीर तो सामने आ गई लेकिन शव अब तक नहीं मिले। तस्वीरों से यह भी नहीं पता चल पाया कि यह किस इलाके की है। इसमें केवल झाड़ियां ही नजर आ रही हैं। लेकिन ऐसा लगता है कि दोनों की गोली मारकर हत्या की गई है। लोग सवाल कर रहे हैं कि आखिर इतने दिन बीत जाने पर भी पुलिस इस मामले में कुछ कर क्यों नहीं पाई। जुलाई के महीने में आखिरी बार दोनों स्टूडेंट्स को एक दुकान पर देखा गया था। सीसीटीवी कैमरे में भी उनका फुटेज रिकॉर्ड हुआ था लेकिन उसके बाद उन्हें ट्रैस नहीं किया जा सका। अब एजेंसियां सामने आई तस्वीरों में पीछे खड़े बंदूकधारियों को पहचानने और पकड़ने की कोशिश कर रही हैं। सरकार का कहना है कि केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर पुलिस आरोपिड़ों को पकड़ने की कोशिश कर रही है। गौरतलब है कि मणिपुर में चार महीने से चल रही जातीय हिंसा में अब तक करीब 180 लोग मारे जा चुके हैं। हजारों लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा और वे शिविरों में रह रहे हैं। बताया जा रहा है कि करीब 65 हजार लोगों ने अपना घर छोड़ दिया है। बीते दिनों इंफाल में इंटरनेट सेवा फिर से शुरू कर दी गई है। हालांकि राज्य में अब भी बड़ी संख्या में सुरक्षाबल तैनात हैं।

## भाजपा में साइडलाइन पंकजा मुंडे को मिला 19 करोड़ रुपए का जीएसटी नोटिस, केंद्र पर लगा दिया बड़ा आरोप

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी से नाराज चल रहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री पंकजा मुंडे को बड़ा झटका लगा है। उनकी वैद्यनाथ शुगर फैक्ट्री को 19 करोड़ रुपये की जीएसटी का नोटिस मिला है। इसके अलावा उनकी फैक्ट्री की संपत्ति भी कुर्क की जा सकती है। वहीं मुंडे ने किसी भी गड़बड़ी से इनकार करते हुए कहा है कि उनकी फैक्ट्री वित्तीय संकट से जूझ रही थी। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार से नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि करीब 9 फैक्ट्रियों को केंद्र की तरफ से सहायता दी गई लेकिन उनकी फेक्ट्री को इस लिस्ट से बाहर रखा गया। वरना आज शुगर मिल इस स्थिति में ना पहुंची होती। केंद्र पर निशाना साधते हुए पंकजा मुंडे ने कहा कि दूसरी फैक्ट्रियों ने भी वित्तीय मदद के लिए आवेदन किया था। उन्हें सहकारिता विभाग से मदद मिली लेकिन उनकी फैक्ट्री की मदद नहीं की गई। उन्होंने कहा, नोटिस में जो रकम लिखी गई है उसमें ब्याज भी लगाया गया है। कुछ महीने पहले ही ये सारी प्रक्रियाएं शुरू हुई थीं और हम प्रशासन का सहयोग कर रहे हैं।। उन्होंने कहा कि सूखे के दौरान भी किसानों का भुगतान नहीं रोका गया। ऐसे में फैक्ट्री वित्तीय संकट में आ गई।



बता दें कि शुगर मिल के नाम पर यूनियन बैंक से 1200 करोड़ रुपये का लोन भी लिया गया था जो कि चुकाना नहीं गया। बैंक ने पहले ही फैक्ट्री को सील कर दिया है। वहीं अब जीएसटी का नोटिस भी आ गया है। पंकजा मुंडे ने भाजपा से साइडलाइन किए जाने के सवाल पर कहा, मैं इतनी कमजोर नहीं हूं कि इतनी आसानी से साइडलाइन किया जा सके।

बता दें कि पंकजा मुंडे दिवंगत भाजपाई दिग्गज गोपीनाथ मुंडे की बेटी हैं। महाराष्ट्र की राजनीति में देवेंद्र फडणवीस का कद बढ़ने के बाद उन्हें एक तरह से साइडलाइन कर दिया गया। वहीं 2019 में वह विधानसभा का चुनाव भी हार गईं। इसके बाद भाजपा में उनको और भी नजरअंदाज किया जाने लगा। पंकजा की तरफ से बोलते हुए एनसीपी नेता सुप्रिया सुले ने कहा, यह भाजपा है जहां नए आने वालों को आगे बढ़ाया जाता है और पुराने वफादारों को साइडलाइन कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि पूर्व महाविकास अघाड़ी की सरकार ने मुंडे की मदद की थी। वहीं राज्य में भाजपा के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि इ तरह के नोटिस प्रशासन के लिए आम मामले हैं और अगर कोई गड़बड़ी नहीं हुई है तो प्रतिक्रिया देने पर आदेश वापस ले लिए जाते हैं।


**भाजपा नेता पंकजा मुंडे की शुगर मिल को लेकर उन्हें 19 करोड़ का जीएसटी नोटिस मिला है। इससे पहले यूनियन बैंक ने मिल पर ताला लगा दिया है। मुंडे ने केंद्र सरकार से नाराजगी जाहिर की है।**

# वीर शिवाजी की जगदंबा तलवार कब आएगी लंदन से

**कौशिक कृष्ण मेहता**

नरेन्द्र मोदी सरकार की कोशिश यह है कि कोहिनूर हीरा, टीपू सुल्तान के बाघ (खिलौना), महाराजा रणजीत सिंह के सिंहासन, भगवान बुद्ध की प्रतिमा और संगमरमर की सरस्वती प्रतिमा को भी जल्द भारत लाया जाए। दुनिया में मशहूर बेशकीमती कोहिनूर हीरा इस समय ब्रिटिश राजपरिवार के पास है। कोहिनूर हीरा 105.6 कैरेट का है। इस हीरे के बारे में कहा जाता है कि इसे न तो कभी खरीदा गया और न ही किसी ने बेचा। इसे या तो युद्ध में जीता गया या फिर किसी शासक ने दूसरे को तोहफे के रूप में दिया। यह हीरा भारत की गोलकुंडा खान से निकला था।

राष्ट्रीय अस्मिता की आन-बान-शान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध भाजपा नीत केंद्र सरकार की कोशिश से छत्रपति शिवाजी महाराज के वाघ नख के लंदन से आने का मार्ग प्रशस्त होने के साथ बड़ा सवाल यह पूछा जा रहा है कि क्या जगदंबा तलवार को लाने की कोशिश भी की जाएगी। लोगों का सवाल पूछना जायज है। वह इसलिए कि मोदी है तो सब मुमकिन है। इसलिए देश की उम्मीदें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बढ़ जाती हैं। वाघ नख भारत के गौरव का प्रतीक है। शिवाजी महाराज ने 1659 में इसी से ही बीजापुर सल्तनत के सेनापति अफजल खान को मौत के घाट उतारा था। यह वाघ नख राष्ट्र की अमूल्य धरोहर है। वह छत्रपति शिवाजी के शौर्य, साहस और पराक्रम की प्रतीक है। महाराष्ट्र के सांस्कृतिक मामलों के मंत्री सुधीर मुनगंटीवार कह चुके हैं कि ब्रिटेन के अधिकारियों ने अपने एक पत्र में वाघ नख वापस देने पर रजामंदी जता दी है।



बाघ के पंजों से प्रेरणा लेकर बना 'वाघ नख' हथेली में छुपाकर अंगुलियों के जोड़ों पर पहना जाने वाले लोहे का हथियार है। इसमें चार नुकीले कांटे होते हैं। इन कांटों से दुश्मन के सीने को निशाना बनाया जाता है। इसके वार से दुश्मन की मौत होना तय मानी जाती है। मजबूत कद काठी के अफजल खान ने शिवाजी महाराज को मिलने के लिए बुलाया था। कहते हैं कि उसकी योजना छोटे कद लेकिन फौलादी इरादों वाले शिवाजी से गले मिलने के बहाने उन्हें बांहों में भरकर जान लेने की थी। मराठा छत्रप ने उसका इरादा भांप लिया। जैसे ही अफजल ने बांहों में भरकर दबाने की कोशिश की, शिवाजी महाराज ने वाघ नख से उसके सीने को चीर दिया।

केंद्र की भाजपा नीत राजग सरकार ने इसी वर्ष मई में जानकारी दी थी कि पिछले नौ साल में विभिन्न देशों से करीब 251 प्राचीन कलाकृतियां भारत वापस लाई जा चुकी हैं। 72 और ऐसी कलाकृतियां भारत वापस लाए जाने की प्रकिया में हैं। इनमें शिवाजी महाराज की जगदंबा तलवार भी है। इस जानकारी में कहा गया था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार देश की प्राचीन वस्तुओं और कलाकृतियों को दुनियाभर से वापस लाने के लिए प्रतिबद्ध है। 24 अप्रैल तक भारतीय मूल की 251 कीमती वस्तुएं विभिन्न देशों से वापस लाई गईं। इनमें से 238 वस्तुएं 2014 के बाद से वापस लाईं गई हैं। इन कलाकृतियों में करीब 1100 वर्ष पुरानी नटराज मूर्ति और नालंदा संग्रहालय से करीब छह दशक पहले गायब बुद्ध की 12वीं सदी की कांस्य प्रतिमा है।

यह ऐतिहासिक तथ्य है कि शिवाजी महाराज के पास तीन तलवारें थीं। इनके नाम थे भवानी, जगदंबा और तुलजा। इनमें से भवानी और तुलजा कहां हैं, इसके बारे में किसी को कोई भी जानकारी नहीं है। दोनों तलवारें करीब 200 साल से गायब हैं। जगदंबा तलवार जरूर लंदन में विक्टोरिया-अल्बर्ट संग्रहालय में है। इस तलवार के वापसी के लिए भी भारत प्रयास कर रहा है। कोशिश यह है कि शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक की 350वीं वर्षगांठ (वर्ष 2024) के पहले इसे देश लाया जाए।

नरेन्द्र मोदी सरकार की कोशिश यह है कि कोहिनूर हीरा, टीपू सुल्तान के बाघ (खिलौना), महाराजा रणजीत सिंह के सिंहासन, भगवान बुद्ध की प्रतिमा और संगमरमर की सरस्वती प्रतिमा को भी जल्द भारत लाया जाए। दुनिया में मशहूर बेशकीमती कोहिनूर हीरा इस समय ब्रिटिश राजपरिवार के पास है। कोहिनूर हीरा 105.6 कैरेट का है। इस हीरे के बारे में कहा जाता है कि इसे न तो कभी खरीदा गया और न ही किसी ने बेचा। इसे या तो युद्ध में जीता गया या फिर किसी शासक ने दूसरे को तोहफे के रूप में दिया। यह हीरा भारत की गोलकुंडा खान से निकला था। ईस्ट इंडिया कंपनी के पास जाने से पहले यह महाराणा रणजीत सिंह के खजाने में था। 1849 में यह ईस्ट इंडिया कंपनी के हाथ लगा। इसके बाद उसे ब्रिटेन की महारानी विक्टोरिया के पास पहुंचा दिया गया। केंद्र सरकार इसे वापस लाने के कूटनीतिक प्रयास कर रही है। टीपू सुल्तान का बाघ 18वीं शताब्दी का आटोमैटिक खिलौना है। इस खिलौने में एक बाघ को आदमकद यूरोपीय व्यक्ति का शिकार करते हुए दशार्या गया था। यह कलाकृति भी इस समय लंदन के म्यूजियम हैं।

अंग्रेज अपने साथ सिखों के पहले महाराजा रणजीत सिंह का सिंहासन भी ले गए थे। इसका निर्माण 1820-1830 के बीच हाफिज मुहम्मद मुल्तानी ने किया था। यह लकड़ी और रेजिन से बना है। इस पर सोने की परत चढ़ाई गई थी। सिंहासन लंदन के विक्टोरिया ऐंड अल्बर्ट म्यूजियम में है। ज्ञान की देवी मां सरस्वती की नक्काशीदार संगमरमर की मूर्ति भी ब्रिटिश संग्रहालय में है। वर्ष 1034 ईस्वी में उत्कीर्ण यह मूर्ति मध्य प्रदेश के भोजशाला मंदिर का हिस्सा रही है। खड़ी मुद्रा में भगवान बुद्ध की मूर्ति करीब दो मीटर ऊंची है। इसका वजन 500 किलोग्राम है। 1862 में रेलवे निर्माण के दौरान ब्रिटिश इंजीनियर ईबी हैरिस को यह मूर्ति मिली थी। यह इस समय बर्मिंघम संग्रहालय में है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## संपादकीय

### संपत्ति जब्ती सही

गुरपतवंत सिंह पन्नू की संपत्तियों को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (ठकअ) द्वारा जब्त करने के बाद विदेशों में बैठे अन्य आतंकवादियों की संपत्ति की पहचान करने को कहा है। सरकार ने जांच एजेंसियों से अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा व आस्ट्रेलिया में बसे खालिस्तानी आतंकियों की पहचान करने और उनकी विदेशी नागरिकता रद्द करने को भी कहा है। राजद्रोह के तीन मामलों समेत बाइस आपराधिक मामलों में लिप्त पन्नू ने भारतीय कनाडाई हिंदुओं को देश छोड़ने व भारत लौट जाने की धमकी बीते दिनों दी थी। पंजाब में सरकार द्वारा उन्नीस फरार खालिस्तानी आतंकवादियों की पहचान कर, उनकी सूची भी जारी की गयी है। सुरक्षा एजेंसियां वर्षो से इनकी तलाश कर रही हैं। पन्नू के बारे में एजेंसियों ने बताया है कि उसका संगठन सिख फॉर जस्टिस, भोले-भाले युवाओं को कट्टरपंथी बनाने व अपराधों के लिए उकसाने के लिए साइबर स्पेस का दुरुपयोग कर रहा था। वह कई बार सोशल मीडिया के माध्यम से देश विरोधी उन्माद फैलाने का दोषी पाया गया है। इन आतंकियों पर विदेशों में बैठ कर भारत विरोधी एजेंडा चलाने का भी आरोप है। 2020 में भी पन्नू की संपत्तियां कुर्क की गयी थीं। जिसका उस पर कोई असर नहीं नजर आया। इस बार उसका मकान व पैतृक गांव की कृषि समेत करोड़ों की संपत्ति अब भारत सरकार की है। सरकार के इस कड़े कदम से वह बौखला गया है। उसने बयान जारी किया कि वह चुप नहीं रहने वाला। पन्नू अमेरिका में बसा एक वांछित आतंकवादी है।



जिस पर 2020 में ही आतंकवादी गतिविधियों के चलते राजद्रोह का मामला दर्ज किया गया था। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का प्यादा कहलाने वाले पन्नू ने ऐलान किया था कि स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले पर जो खालिस्तानी झंडा फहरायेगा, उसे पांच लाख डॉलर का इनाम दिया जाएगा। तभी से सरकार का रुख खालिस्तानी आतंकवादियों को लेकर काफी सख्त हो गया। उसे दहशतगर्दी और मार-काट की आशंका के साथ ही अपनी साख की फिक्र भी सताने लगी है। पंजाव के युवाओं को भटकाने, उन्हें खतरनाक नशे मुहैया कराने और झूठे सपने दिखाकर आतंक की तरफ ढकेलने का काम नया तो नहीं है। मगर इसे रोकने के प्रति पूर्व में सरकारी रवैया कई बार लचीला साबित हुआ है। खतरनाक आतंक वादियों से सारी दुनिया त्रस्त है। विश्व मंच से बार-बार इनसे निपटने की बातें करने के बावजूद कड़ा रुख न अख्तियार करने का लाभ उठाते हुए ये देश की छवि पर दाग लगाने में नहीं चूकते। सही वक्त पर की गयी सख्ती और कड़े निर्णय ही शांति कायम रखने में महती भूमिका निभा सकते हैं।

## चिंतन-मनन

### सतोगुण और तमोगुण का फर्क

सतोगुण में ज्ञान के विकास से मनुष्य यह जान सकता है कि कौन क्या है, लेकिन तमोगुण तो इसके सर्वधा विपरीत होता है. जो भी तमोगुण के फेर में पड़ता है, वह पागल हो जाता है और पागल पुरुष यह नहीं समझ पाता कि कौन क्या है! वह प्रगति करने के बजाय अधोगति को प्राप्त होता है। वैदिक साहित्य में तमोगुण की परिभाषा दी गई है कि अज्ञान के वशीभूत होने पर कोई मनुष्य किसी वस्तु को यथारूप नहीं समझ पाता। उदाहरणार्थ, प्रत्येक व्यक्ति जानता है कि मनुष्य मत्र्य है और मृत्यु ध्रुव है। फिर भी लोग पागल होकर धन संग्रह करते हैं और नित्य आत्मा की चिन्ता किये बिना अहर्निश कठोर श्रम करते हैं। अपने पागलपन में वे आध्यात्मिक ज्ञान में कोई उन्नति नहीं कर पाते। ऐसे लोग आलसी होते हैं। जब उन्हें आध्यात्मिक ज्ञान में सम्मिलित होने के लिए आमन्त्रित किया जाता है, तो वे अधिक रुचि नहीं दिखाते। वे रजोगुणी व्यक्ति की तरह भी सक्रिय नहीं रहते। तमोगुण में लिप्त व्यक्ति का एक अन्य गुण यह भी है कि वह आवश्यकता से अधिक सोता है। ऐसा व्यक्ति सदैव निराश प्रतीत होता है और भौतिक द्रव्यों तथा निद्रा के प्रति व्यसनी बन जाता है।

इसके विपरीत सतोगुणी पुरुष अपने कर्म या बौद्धिक वृत्ति से उसी तरह सन्तुष्ट रहता है, जिस प्रकार दार्शनिक, वैज्ञानिक या शिक्षक अपनी-अपनी विधाओं में निरत रहकर सन्तुष्ट रहते हैं। रजोगुणी व्यक्ति सकाम कर्म में लग सकता है। वह यथासंभव धन प्राप्त करके उसे उत्तम कार्य में व्यय करता है। कभी-कभी वह अस्पताल खोलता है और धर्मार्थ संस्थाओं को दान देता है। लेकिन तमोगुणी तो अपने ज्ञान को ढक लेता है। तमोगुण में रहकर मनुष्य जो भी करता है, वह न तो उसके लिए, न किसी अन्य के लिए हितकर होता है। जब तमोगुण प्रधान होता है तो रजो तथा सतोगुण परास्त हो जाते हैं। यह प्रतियोगियता निरन्तर चलती रहती है। अतएव जो कृष्णभावनामृत में वास्तव में उन्नति करने का इच्छुक है, उसे इन तीनों गुणों को लांघना पड़ता है।

# तीन केंद्रीय मंत्रियों सहित, 4 सांसदों को विधायकी टिकट का अजब प्रयोग



सनत जैन

सन् 2023 मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में, भारतीय जनता पार्टी ने तीन केंद्रीय मंत्रियों सहित 4 सांसदों को विधायक की टिकट दी है। भारतीय जनता पार्टी ने 39 प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी की है। इस सूची के जारी होने के बाद प्रदेश की राजनीति में हड़कंप की स्थिति मच गई है। भारतीय जनता पार्टी ने केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, पहलाद पटेल और फग्गन सिंह कुलदस्ते को विधानसभा की टिकट दी है। इसके अलावा केंद्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, सांसद राकेश सिंह, सांसद गणेश सिंह उदय प्रताप सिंह, सुश्री रीति पाठक को भी विधानसभा चुनाव की टिकट दी गई है। तीन केंद्रीय मंत्रियों सहित भाजपा सांसदों को बड़ी संख्या में विधानसभा के चुनाव की टिकट देने के बाद, भारतीय जनता पार्टी द्वारा यह कहा जा रहा है कि जिन सीटों में पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा को पराजय मिली थी। उन सीटों को जीतने की जिम्मेदारी भाजपा के कद्दावर नेताओं को दिया गया है। कांग्रेस के दिग्गज नेताओं को घेरने की तैयारी की जा रही है। भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस की परंपरागत और चुनौती वाली सीटों को इस बार हर हालत में जीतना चाहती है। इसके लिए भाजपा ने अपने दिग्गजों को विधानसभा चुनाव के मैदान में उतार दिया है। पिछले कई वर्षों से नरेंद्र सिंह तोमर, कैलाश विजयवर्गीय और पहलाद पटेल को मुख्यमंत्री पद का दावेदार बताया जा रहा था। भारतीय जनता पार्टी ने तीन प्रमुख नेताओं को विधानसभा चुनाव की टिकट देने से भाजपा में सनसनी फैल गई है। बुदनी विधानसभा सीट को होल्ड पर रखा गया है। जिसके कारण भाजपा के अंदर अटकलों का दौर शुरू हो गया है। चुनाव के बाद शिवराज सिंह मुख्यमंत्री नहीं होंगे? भारतीय जनता पार्टी यदि सत्ता में आएगी तो नए चेहरे के रूप में नरेंद्र सिंह तोमर, कैलाश विजयवर्गीय और पहलाद पटेल मुख्यमंत्री पद के प्रमुख दावेदार होंगे। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को विधानसभा के चुनाव मैदान में नहीं उतारा गया है। उनके तीन समर्थकों को भी टिकट दी गई है। भारतीय जनता पार्टी की दूसरी 39 प्रत्याशियों की सूची ने मध्य प्रदेश की राजनीति में उबाल ला दिया है। एक तरफ कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती होगी। कई कांग्रेस के दिग्गजों को अपने ही चुनाव क्षेत्र में फंसकर रह जाना पड़ेगा। वही. दूसरी सूची के घोषित होने के बाद, यह भी संदेश जा रहा है, कि भारतीय जनता पार्टी की स्थिति विधानसभा चुनाव में काफी कमजोर है। जिसके कारण भारतीय जनता पार्टी को अपने तीन केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों को भी चुनाव मैदान में उतारना पड़ रहा है। संसद में महिला आरक्षण बिल पास हो गया है। महिलाओं की टिकट भागीदारी को लेकर चुनाव में बड़ी चर्चा हो रही है। 2 पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती 33 फीसदी महिलाओं उसमें 50 फीसदी पिछड़े वर्ग की महिलाओं को टिकट देने की मांग कर रही है। भारतीय जनता पार्टी ने 39 प्रत्याशियों की जो सूची जारी की है। उसमें 6 महिला प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारा है। सांसद रीती पाठक, पूर्व मंत्री इमरती देवी, ज्योति डेहरिया, गंगाबाई उइके, नंदा ब्राम्हणे तथा संगीता चोरल को टिकट दी गई है। केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों को चुनाव मैदान में उतरने की बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया राजनीतिक दलों के साथ-साथ आम जनों के बीच में देखने को मिल रही है। भोपाल में प्रदेश भर के भाजपा कार्यकताओं का सम्मेलन बुलाया गया था। जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया। उसके बाद भारतीय जनता पार्टी ने 39 प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी करके सभी को चौंका दिया है। विपक्षी दल कांग्रेस, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करने की मांग कर रहा था। भारतीय जनता पार्टी ने अभी तक मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित नहीं किया है। दूसरी सूची में जिन प्रमुख नेताओं को टिकट दी गई है। वह मुख्यमंत्री के दावेदार के रूप में हमेशा से जाने जाते रहे हैं। इससे एक नए असमंजस की स्थिति भाजपा में पैदा हो गई है। जो विधानसभा चुनाव को निश्चित रूप से प्रभावित करने वाली होगी। भारतीय जनता पार्टी ने अपने कद्दावर नेताओं को विधानसभा चुनाव मैदान में उतारा है। उससे स्पष्ट है, कि कांग्रेस के कई दिग्गज नेता चुनाव प्रचार के लिए अपने-अपने गढ़ में ही फंसकर रह जाएंगे। इसका लाभ भारतीय जनता पार्टी को मिल सकता है। भारतीय जनता पार्टी की रणनीति है, कांग्रेस की परंपरागत सीटों पर जीत हासिल की जाए। इसके लिए भाजपा अपने ताकतवर नेताओं को चुनाव मैदान में उतारा है। चुनावी रण के मैदान में किसको सफलता मिलती है, यह तो समय काल ही तय करेगा। इतना जरूर है, दूसरी सूची ने मध्य प्रदेश की राजनीति का पारा कई गुना चढ़ा दिया है। देश में कहा जा रहा है, अजब म.प्र. है। भाजपा का गजब का प्रयोग है।



# उप्र इंटरनेशनल शो : निवेश का बना बड़ा बाजार



संदीप भूषण

जी 20 सम्मेलन की सफल मेजबानी से भारत ने विमित्र होने की अपनी पहचान को और मजबूत कर लिया है। सम्मेलन समाप्त होने के बाद भी वैश्विक पटल पर भारतीय नेतृत्व क्षमता और कूटनीति की जमकर तारीफ हो रही है।

जी-20 राष्ट्राध्यक्षों ने दिल्ली घोषणा को सर्वसहमति से अपनाया और इस कदम ने दुनिया के शक्ति संतुलन में भारत की भूमिका को केंद्रीय बना दिया है। सामरिक, रणनीतिक और आर्थिक सभी मोर्चे पर भारत सर्वमान्य ताकत बनकर उभर रहा है। भारत के पहल पर जी-20 में अफ्रीकी यूनियन को शामिल करना उसकी मजबूती का प्रत्यक्ष उदाहरण है।

बहरहाल, किसी भी राष्ट्र की मजबूती के केंद्र में उसकी राजनीतिक और आर्थिक व्यवस्था होती है। जिस भी राष्ट्र ने खुद को राजनीतिक रूप से स्थिर और आर्थिक मोर्चे पर चलायमान रखा है, उसकी ताकत का लोहा पूरे विश्व ने माना है। भारत की स्थित आज इन दोनों मामलों में काफी मजबूत नजर आती है। 2014 में केंद्र में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन की सरकार बनने के बाद भारत में राजनीति और विकास के नए मानदंड स्थापित हुए हैं। कहा जा सकता है कि एनडीए सरकार के नौ वर्ष के कार्यकाल में लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के साथ सबसे अधिक किसी मुद्दे पर ध्यान दिया गया तो वो है कॉपरेटिव फेडरलीजम।



जी-20 के दौरान भारत ने पहली बार यह दिखाया कि उसके लिए अंतरराष्ट्रीय अवसर किस तरह उसके संघवादी स्वरूप को मजबूती देता है। जी-20 के आलोक में इस बात को देखें तो नरेन्द्र मोदी के नौ साल के कार्यकाल में उभरने वाली दो बातें महत्त्वपूर्ण हैं। डबल इंजन की सरकार और फेडरल कॉपरेटिव अप्रोच के साथ विकास और राजनीति को जिस तरह इस दौरान साधा गया है, वह महत्त्वपूर्ण है। दरअसल, एक ऐसे दौर में जब विश्व की तमाम अर्थव्यवस्थाएं हांफ रही हैं, देश को आर्थिक संबल देने के लिए राज्यों का विकास के स्वायत्त मॉडल के रूप में उभरना एक सुखद संकेत है।

खास बात है कि राज्यों के बीच खुद को बेहतर विकास मॉडल के रूप में पेश करने की नई स्पार्धा शुरू हो गई है। भारत में हो रहे इस परिवर्तन की दिशा बेहद स्पष्ट है और यह निरंतर अपने लक्ष्यों की तरफ आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में सभी प्रदेश अपने यहां आर्थिक गतिविधियों को रफ्तार देने के लिए तरह-तरह का आयोजन भी कर रहे हैं।

गुजरात में वाइब्रेंट गुजरात से शुरू हुआ यह सफर राजस्थान, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, झारखंड, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र होते हुए देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश तक पहुंच गया है। खास बात है कि कभी 'बीमारू' राज्यों की लिस्ट में शामिल यूपी अब उद्योगपतियों को रिझाने और उद्योग के माकूल माहौल बनाने में अन्य राज्यों को पीछे छोड़ रहा है। आलम यह है कि जिस गुजरात मॉडल की दुनिया में तारीफ होती आई है, उत्तर प्रदेश उसमें पंच सितारा जोड़ रहा है। देश का ग्रोथ इंजन कहे जाने वाले यूपी ने बीते महज छह-सात वर्षों में ही खुद को भारत की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले राज्य के तौर पर स्थापित किया।

कहा जा सकता है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश के सबसे बड़े श्रमशक्ति वाले प्रदेश ने संभावनाओं ने द्वार खोल दिए हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर, रोड कनेक्टिविटी, मेट्रो, एयर कनेक्टिविटी, वाटरवेज और लॉजिस्टिक सहित सभी क्षेत्रों में विकास के नए मानदंड स्थापित किए हैं। यूपी निवेश से लेकर उत्पादन और खपत के मामले में देश का सबसे बड़ा बाजार बनकर उभर रहा है। प्रदेश में संभावनाओं को देखते हुए ही साल के शुरू में आयोजित यूपी इंवेस्टर समिट में देश और दुनिया के निवेशकों ने 33 लाख करोड़ रु पये से भी अधिक का निवेश करने का वादा किया।

अब यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो और मोटो जीपी के आयोजन के साथ प्रदेश ने विकास की कड़ी में एक नया मीलस्तंभ कर लिया है। 21 से 25 सितम्बर तक चले इस शो एक तरफ प्रदेश के उद्यमियों को अपने सामान की मार्केटिंग के लिए अंतरराष्ट्रीय मंच मिला, तो वहीं निवेशकों को एक नया बाजार। इस हाइब्रिड ट्रेड शो में 2000 से भी ज्यादा कारोबारियों ने हिस्सा लिया। इतना ही नहीं, एक बड़े निवेश की संभावना भी बनी।

खास बात है देश के किसी प्रदेश द्वारा आयोजित इस पहले इंटरनेशनल शो को विदेशी कारोबारी भी ग्रोथ विंडो के तौर पर देख रहे हैं। इस दौरान गुजरात, महाराष्ट्र, बंगाल, आंध्, केरल, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश सरीखे प्रदेशों ने बीते वर्षो में अपने उद्यम और विकास को लेकर जो उपक्रम किए हैं, उसने निस्चित रूप से सबका ध्यान खींचा है। इस लिहाज से यूपी का महत्त्व इसलिए बढ़ जाता है कि देश का यह सबसे बड़ा सूबा अगर एक ट्रिलियन की इकॉनमी के संकल्प के साथ अपने प्रयासों को अगर ग्लोबल ऊंचाई दे रहा है,तो यह बदलते भारत की वह तस्वीर है, जिसमें विकास का चरित्र केंद्रित नहीं, बल्कि पूरी तरह विकेंद्रित है।

गाज़ियाबाद उत्तर-प्रदेश

संस्कार उजाला

# मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना प्रख्यापित की गई

## जनपद के इन्ग्राहम इण्टर कालेज, गाजियाबाद में अभ्युदय कोचिंग संचालित है





**संस्कार उजाला, सचिन शर्मा**

**गाजियाबाद** । जिला समाज कल्याण अधिकारी अमरजीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया है कि दिनांक 06.02.2021 द्वारा मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना प्रख्यापित की गई है समस्त जनपदों में संचालित करने का निर्णय लिया गया है, जिसके क्रम में जनपद के इन्ग्राहम इण्टर कालेज, गाजियाबाद में अभ्युदय कोचिंग संचालित है। दिनांक 18.10.2022 द्वारा योजना संचालन हेतु दिशा निर्देश एवं गाइड लाइन निर्गत किया गया है, जिसके अन्तर्गत कोचिंग संचालन हेतु योग्य अनुभवी एवं प्रोफेशनल व्याख्याताओं की सेवाये चयन समिति की अनुशंसा से परीक्षण व्याख्यान / ट्रायल लेक्चर के उपरान्त जिला समिति द्वारा सूचीबद्ध किया जायेगा । व्याख्याताओं को प्रति व्याख्यान 2000 / - कार्मिक अनुभाग के शासनादेश दिनांक 03.09.2014 के अनुरूप मानदेय का भुगतान किया जायेगा। एक व्याख्यान की अवधि 90 मिनट होगी। एक अतिथि प्रवक्ता को प्रतिमाह अधिकतम 30 व्याख्यान तक अनुमन्य होंगे। उन्होंने बताया कि जनपद में सिविल सेवा परीक्षा पी०सी०एस० जेईई, नीट की कोचिंग संचालित किये जाने हेतु इच्छुक योग्य एवं अनुभवी शिक्षकों से आवेदन पत्र मय अनुभव प्रमाण पत्र सहित दिनांक 05.102023 तक विकास भवन के भूतल स्थित जिला समाज कल्याण अधिकारी, गाज़ियाबाद के कार्यालय कक्ष संख्या 110-111 में आमंत्रित किये जाते है।

## आधी आबादी के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण की मांग



**संस्कार उजाला, अजय कुमार**

**कुशीनगर।** बुद्ध स्थली कुशीनगर स्थित रामाभार स्तूप परिसर में एससी, एसटी, ओबीसी, माइनारिटी व भारत वीरों की बैठक हुई। जिसमें वक्ताओं ने महिला आरक्षण को 33 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत किये जाने की मांग की। मुख्य वक्ता डा. वीरेंद्र कुमार ने महिला आरक्षण बिल का समर्थन करते हुए जातीय अनुपात में ओबीसी, एससी, एसटी, अल्पसंख्यक वर्ग की महिलाओं को आरक्षण दिया जाने की मांग की। सर्वसम्मति से मांग की गई कि महिला आरक्षण 33 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत किया जाए और इन जातियों की संख्या के अनुपात में आरक्षण का प्रविधान हो देश में जातिवार जनगणना कराने, सरकारी नौकरियों में आरक्षित वर्ग के रिक्त पदों को भरे जाने, मतदान वैलेट पेपर से कराए जाने और न्यायालय से कोलेजियम प्रणाली हटाकर चयन आयोग बनाकर नियमानुसार आरक्षण की व्यवस्था दिए जाने की मांग की गई। इस दौरान उमाशंकर वर्मा, अशोक कुमार, प्रियेश गौड, एसपी पासवान, छोटेलाल पटेल, जाकिर हुसैन, अनिरुद्ध शर्मा, विजेंद्र कुमार शर्मा, राम किशुन प्रसाद, दशरथ शर्मा आदि ने अपने विचार रखे।

## भैरव मन्दिर की मौजूदा समिति ने लगाया पूर्व समिति पर सीसीटीवी के तार काटने आरोप



**संस्कार उजाला, तेजवीर सिंह**

**हापुड़** ।दिल्ली रोड पर स्थित श्री भैरव मंदिर पदाधिकारियों की वजह से एक बार फिर चचाओं में है। मंदिर के दान और चंदे की धनराशि को लेकर पूर्व और मौजूदा कमेटी एक बार फिर आमने-सामने आ गई है ।जिसमें मौजूदा समिति के लोगो ने पूर्व समिति के लोगो पर चन्दे की धनराशि,दुकान का किराए को गबन,सीसीटीवी के तार काटने,दान-पात्र को सीज करना,चन्दे के पैसों का हिसाब न देने का आरोप लगाया है ।इतना ही नही पुलिस भी मामले से मुँह मोड़ती नजर आ रही है ।मामला सुलझने के बजाए उलझता जा रहा है ।पहले भी दोनों पक्षो के पदाधिकारियों में लात-घूंसे चले थे ।जिसपर शोर सुन कर मंदिर में मौजूद भक्त इकट्ठा हुए और पुलिस को मामले से अवगत कराया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने 15 लोगों को हिरासत में लेकर शांति भंग की धाराओं में कारवाई की थी ।मौके पर राजकुमार वर्मा,सतीश,राजकुमार,नीरज वर्मा,दिनेश कुमार,आदि लोग मौजूद रहे।

# 2 अप्रैल में शहीद पवन सिंह की प्रतिमा का किया गया अनावरण

**संस्कार उजाला**

राजस्थान 24 सितंबर को पूना पैक्ट दिवस के अवसर पर ग्राम झाडोली जनपद अलवर राजस्थान प्रदेश में मूर्ति स्थापना एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन हुआ साथियों 2 अप्रैल के महा आंदोलन में शहीद हुए पवन के पिता श्रीमान जलाराम जी ने ग्राम झाडोली निवासी एवं समाज के प्रबुद्ध नागरिकों द्वारा अमर शहीद वीर सपूत पवन व परम पूज्य बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर जी की प्रतिमा का अनावरण बड़े भव्य तरीके से कराया कार्यक्रम की



अध्यक्षता माननीय टीकाराम जूली सामाजिक न्याय व अधिकारिकता एवं जेल मंत्री राजस्थान सरकार ने की इस अवसर पर समस्त शहीद परिवारों के साथ-साथ हसनपुर कद्दीम मेरठ उत्तर प्रदेश से शहीद अंकुर जाटव के बड़े भाई अश्विनी जाटव तथा जिला अलवर संगठन पदाधिकारी के साथ मा. ज्ञानेंद्र कुमार गौतम राष्ट्रीय अध्यक्ष सामाजिक सुरक्षा फेडरेशन ऑफ इंडिया उपस्थित रहे इस अवसर पर माननीय मंत्री जी ने शहीद परिवारों एवं ज्ञानेंद्र कुमार गौतम जी को पगड़ी पंचशील फूल माला पहना कर बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर जी का छायाचित्र देखकर सम्मानित किया इस अवसर पर बहुजन समाज के वरिष्ठ समाजसेवी मा.बालक राम बोध जी एड. अरविंद धर्मेंद्र कुमार जी का भी भव्य तरीके से सम्मान किया गया

# राष्ट्रवादी चिंतक राजेश खुराना ने पं दीनदयाल की 107वीं जयंती पर उन्हें नमन कर दी श्रद्धांजलि

**संस्कार उजाला, महेश शर्मा**

**आगरा।** राष्ट्रवादी चिंतक राजेश खुराना ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 107वीं पुण्य तिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रध्दांजलि दी और एकात्म मानववाद और अंत्योदय के प्रणेता की जयंती पर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रवादी चिंतक राजेश खुराना ने एकात्म मानववाद एवम् अंत्योदय के प्रणेता, प्रखर राष्ट्रवादी अद्भुत संघटनकर्ता, महान विचारक हमारे पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की 107वीं जयंती पर शत शत नमन किया और उनके आदर्शों को याद करते हुए कहा कि पं दीनदयाल उपाध्याय जी जैसे युगपुरुष सादियो में जन्म लेते हैं। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का कल्याण और विकास पंडित जी का सपना था। आज अंत्योदय के प्रणेता, एकात्म मानववाद की दृष्टि को भारतीय राजनीति के एजेंडे का हिस्सा बनाने वाले और राजनीति में शुचिता एवं ईमानदारी के प्रबल समर्थक की पावन जयंती है। पंडित जी ने कहा




था कि आर्थिक प्रगति और प्रगति को सबसे ऊंचे पद पर बैठे व्यक्ति से नहीं, बल्कि सबसे निचले पद पर बैठे व्यक्ति से मापा जाना चाहिए और हमें अपने देश की संस्कृति तथा इतिहास से सीखकर अपने देश एवम् दुनियां की जरूरत के हिसाब से अपने विचारों का विकास करना चाहिए। हमें किसी की नकल नहीं करनी चाहिए। पंडित जी की हार्दिक इच्छा थी की अंतिम पंक्ति पर रहने वाले व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले, जिससे देश की उन्नति हो सकती है। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का कल्याण और विकास उनका सपना था। राजनीति में कथनी और करनी में अन्तर न रखने वाले इस महापुरुष ने भारतीय संस्कृति के प्रति अपनी गहरी आस्था बनाये रखी। पंडित जी हिन्दुत्ववादी चेतना को वे भारतीयता का प्राण समझते थे। पंडित जी एक ऐसी राजनीतिक विचारधारा के सूत्रधार एवं समर्थक थे, जिसमें राष्ट्रभक्ति की भावना कूट-कूटकर भरी थी। उनके लिए राष्ट्र प्रथम था। श्री खुराना ने आगे कहा कि भारत और भारतीयता के प्रति पंडित जी का दृष्टिकोण बहुत स्पष्ट था। भारतीय दृष्टिकोण विश्व कल्याण का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के बारे में उनकी मान्यताएँ बहुत स्पष्ट थीं और इसीलिए अंत्योदय की उनकी अवधारणा स्वतंत्र भारत में गरीब कल्याण का माध्यम बनी। हम सभी जानते हैं कि जनसंघ के जनक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का जन्म 25 सितंबर 1914 को मथुरा जिले के नगला चंद्रभान गांव में हुआ था। छात्र अवस्था में आरएसएस के संपर्क में आए और प्रचारक बन गए। जिसके बाद जनसंघ की श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ मिलकर स्थापना की गई। वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चिंतक और संगठनकर्ता थे। पंडित जी भारतीय जनसंघ के सह संस्थापक भी रहे। उन्होंने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानववाद को दृष्टि दी। वे एक मजबूत और सशक्त भारत चाहते थे। राजनीति के साथ-साथ उनकी साहित्य में भी गहरी रूचि थी। पंडित जी का निधन 11 फरवरी 1968 को हुआ था। आज मोदी सरकार में गरीब उत्थान के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा की सरकार पंडित जी के उन्हीं सपनों को पूरा कर रही है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यकाल में चल रही सभी योजनाओं के पीछे की प्रेरणा पंडित जी का अंत्योदय का संकल्प ही है। पिछले साढ़े नौ वर्षों में हम देश का जो सर्वांगीण विकास देख रहे हैं, वह इन्हीं चमत्कारी पंडित जी की प्रेरणा है।

## सीएम डैशबोर्ड कार्यालय से एक साथ सभी थाना प्रभारियों, सर्किल अफसरों, पुलिस कप्तानों, पुलिस कमिश्नरों, आईजी रेंज व ए0डी0जी0 जोन के साथ

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया संवाद

**संस्कार उजाला, आरके शर्मा**

**लखनऊ** । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज यहां लाल बहादुर शास्त्री भवन (एनेक्सी) स्थित नव लोकार्पित सी0एम0 डैशबोर्ड कार्यालय से एक अभूतपूर्व पहल के दौरान प्रदेश में पहली बार एक साथ सभी थाना प्रभारियों, सर्किल अफसरों, पुलिस कप्तानों, पुलिस कमिश्नरों, आई0जी0 रेंज व ए0डी0जी0 जोन के साथ संवाद किया। संवाद के दौरान मुख्यमंत्री जी ने अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ कठोरतापूर्वक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपराधी कितना भी बड़ा क्यों न हो, उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोरतम कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री जी ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए उन्होंने सभी पुलिस कमिश्नरों/कप्तानों को निर्देश दिए हैं कि हर जिला/कमिश्नरेट में महिला थाना प्रभारी के अतिरिक्त एक अन्य थाने का प्रभार भी महिला पुलिस अधिकारी को दिया जाए। उन्होंने कहा कि इन महिला थानेदारों को योग्य और कर्मठ पुलिस कार्मिकों की टीम दी जानी चाहिए। सभी पुलिस कमिश्नरों/कप्तानों को इस आदेश का यथाशीघ्र अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। मुख्यमंत्री जी ने जनवरी 2023 से अगस्त 2023 की अवधि में हत्या, दुष्कर्म, लूट, डकैती, धर्म परिवर्तन आदि आपराधिक घटनाओं, उनके पदार्फाश किये जाने की सक्रियता के साथ-साथ आई0जी0आर0एस0 में प्रदर्शन के आधार पर जिला पुलिस, सर्किल और थाना की रिपोर्ट के साथ लगभग दो दर्जन जनपदों से सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि जनता का हित शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके साथ लापरवाही स्वीकार नहीं की जा सकती। आपराधिक घटनाओं में



वृद्धि, चार्जशीट में देरी, निस्तारण में विलम्ब, सम्बन्धित थाने, सर्किल, पुलिस कप्तान की लापरवाही प्रदर्शित करती है। शासन स्तर से हर थाने, सर्किल, जिला, रेंज और जोन की सीधी निगरानी की जा रही है। यदि कहीं लापरवाही/गड़बड़ी की पुष्टि हुई तो न केवल पद से हटाया जाएगा, बल्कि अनिवार्य सेवानिवृत्ति भी दी जाएगी। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कोई भी घटना छोटी नहीं होती, सबसे कुछ न कुछ सीख मिलती है। हर घटना की गम्भीरता को समझें और वरिष्ठ अधिकारी स्वयं मौके पर पहुंचे। थानेदारों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हर फरियादी को सम्मान दें। उनकी पीड़ा सुनें और यथोचित समाधान प्रदान करें। महिला बीट अधिकारियों के कार्यों की सराहना करते हुये उन्होंने थानेदारों को सप्ताह में एक बार महिला बीट अधिकारी व ग्राम चौकीदार से संवाद करने के लिए प्रेरित किया। बाइक सवार स्टंटबाज, धार्मिक प्रतीक अंकित वाहनों पर कार्रवाई के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री जी ने संवेदनशील क्षेत्रों में सतत पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने जी0आर0पी0 व सीमावर्ती थानों में योग्य पुलिसकर्मियों की तैनाती के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन की दृष्टि से देश भर में सराहे जा रहे ‘मिशन शक्ति’ अभियान का अगला चरण आगामी शारदीय नवरात्र के पहले दिन से प्रारम्भ होगा। यह चरण महिलाओं की सुरक्षा व अधिकारों के प्रति जागरूकता की दृष्टि से उपयोगी होगा। इसके तहत, सप्ताह में किसी एक दिवस दो महिला पुलिस कार्मिक, आशा बहनों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, ए0एन0एम0, बी0सी0 सखी, रोजगार सेवकों आदि के साथ किसी एक ग्राम पंचायत में महिलाओं से संवाद कर उन्हें उनके अधिकारों व उनकी सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी देंगी। महिलाओं को 108, 1090, 181 जैसे हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया जाए। साथ ही, मौके पर पात्र महिलाओं को पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मातृत्व वन्दना योजना जैसी लोककल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित किया जाए। संवाद के दौरान मुख्यमंत्री जी ने गौतमबुद्ध नगर व सभी 17 नगर निगमों को सेफ सिटी के रूप में व्यवस्थित करने की कार्यवाही 14 अक्टूबर तक पूरी कर लेने के निर्देश भी दिये।

मुख्यमंत्री जी ने विगत 21-25 सितम्बर के बीच जनपद गौतमबुद्धनगर में आयोजित प्रथम यू0पी0 इण्टरनेशनल ट्रेड शो और मोटो जी0पी0 भारत 2023 इवेण्ट के सफल आयोजन के लिए स्थानीय प्रशासन की सराहना की। गौतमबुद्धनगर की पुलिस कमिश्नर ने दोनों वैश्विक महत्व के आयोजनों के प्रबंधन के सम्बन्ध में एक प्रस्तुतिकरण भी दिया, जिसे प्रेरक बताते हुए मुख्यमंत्री जी के निदेशानुसार सभी जिलों को उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट द्वारा हाल ही में तकनीक की मदद व अन्तरजनपदीय समन्वय से किये गए अन्तरराज्यीय लूट गिरोह के पदार्फाश की विस्तृत कार्यवाही के सम्बन्ध में एक प्रस्तुतिकरण दिया गया।

## संक्षिप्त डायरी

### प्रदेश उपाध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत



**संस्कार उजाला**

**कसया, कुशीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व सदस्य विधान परिषद डॉ धर्मेन्द्र सिंह का भव्य स्वागत भाजपा नेता ओमप्रकाश जायसवाल के नेतृत्व में किया गया। मंगलवार को पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व सदस्य विधान परिषद डॉ धर्मेन्द्र सिंह पार्टी के कार्यक्रम से पडरौना जा रहे थे। उसी क्रम में ओम रेडिडेन्सी होटल में संक्षिप्त कार्यक्रम में श्री सिंह का भाजपा नेता ओमप्रकाश जायसवाल द्वारा माल्यार्पण किया गया और स्मृति चिन्ह देकर ससम्मानित किया गया। इस अवसर पर वीरेंद्र सिंह, अमित पांडेय, संतोष दत्त राय, अनूप तिवारी, अनिल पांडेय, अशोक श्रीवास्तव, संजय शुक्ला आदि भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

### नवनियुक्त जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी का स्वागत समारोह का आयोजन, सर्व समाज सेवा समिति भी करेगी भव्य स्वागत



**संस्कार उजाला**

**धामपुर** । भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त बिजनौर जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी का आज शुभम मंडप धामपुर में स्वागत समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ।जिसमें धामपुर नगर की सामाजिक संस्था सर्व समाज सेवा समिति के द्वारा भी नवनियुक्ति जिला अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया जाएगा। तथा शाम को गणेश उत्सव शोभा यात्रा का स्वागत भगत सिंह चौक स्थित अग्रवाल साड़ी एंपोरियम पर शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा स्वागत में धामपुर नगर की सामाजिक संस्था सर्व समाज सेवा समिति अध्यक्ष डॉ आयुष कुमार, महामंत्री सरदार हरपाल सिंह चावला ,कोषाध्यक्ष विपिन कुमार, अमित अग्रवाल, सुमित महेश्वरी, वीरेंद्र रस्तोगी, देव गोड, हाजी हसन, शुभम जैन, अभिनव गोयल, डॉ गजराज सिंह सैनी ,मनोज माहेश्वरी, सतपाल सिंह चावला ,डॉक्टर योगेश कुमार, शेखर मित्तल ,गुरु प्रदीप सिंह, सचिन कुमार अग्रवाल, नवीन गुप्ता, नवीन अग्रवाल, हितेश अग्रवाल ,अभिषेक गुप्ता, इरशाद मंसूरी, नदीम शमी ,आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

### हापुड़ में 28 सितंबर से 1अक्टूबर तक चलेगा बैड मिंटन टूनार्मेंट




**संस्कार उजाला, तेजवीर सिंह**

**हापुड़।** गढ़ रोड स्थित एल एन स्पोर्ट्स क्लब में प्रथम उत्तर प्रदेश स्टेट सीनियर मेजर बैडमिंटन टूनामेंट के समक्ष एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया ! जिसमें बताया गया कि बैड मिंटन टूनामेंट 28 सितंबर से 1 अक्टूबर तक खेला जाएगा। वही बैडमिंटन एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री पंकज कुमार अग्रवाल ने बताया की प्रतियोगिता सीनियर वर्ग में खेली जाएगी तथा प्रतियोगिता के सभी मैच एल एन स्पोर्ट्स क्लब व जिमखाना क्लब में खेले जाएंगे ।हापुड़ बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव श्री संजीव गोयल ने कहा की प्रतियोगिता के सभी ऑफिशल्स उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन की तरफ से ऑथराइज्ड रेफरी होंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया जगत से आए सभी पत्रकार बंधुओ ने प्रतियोगिता से संबंधित सभी जानकारी ली प्रेस कॉन्फ्रेंस में राजीव अग्रवाल गोयल इंडस्ट्री ! सुधीर गोयल राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी ! पुनीत मित्तल अध्यक्ष जिमखाना क्लब !प्रशांत मित्तल सचिव जिमखाना क्लब ! डॉ विक्रांत बंसल ,सनी अग्रवाल व राजीव जिंदल आदि लोगों ने प्रतियोगिता को सफल बनाने अपना सहयोग देने की बात कही। तथा प्रतियोगिता के लिए अपनी शुभकामनाएं दी ।

### स्टाप डीजे के अंतर्गत मुस्लिम समाज द्वारा चलाया जा रहा जागरूकता अभियान



**संस्कार उजाला**

**कुशीनगर।** दारुल उलूम अंजुमन इस्लामिया जामा मस्जिद पडरौना के तरफ से आगामी ईद मिलादुन्नबी की जुलूस सहित सभी अवसरों पर डीजे पर कड़ाई के साथ पाबंदी लगाने के लिए जन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत डीजे से हो रहे नुकसान से सभी को जागरुक किया जा रहा है। मंगलवार को पडरौना नगर के विभिन्न मुहल्लों में स्टॉप डीजे के तहत जन जागरुकता अभियान के माध्यम से मुस्लिम समाज के लोग सभी से संपर्क कर डीजे पर पाबंदी हेतु सहयोग की अपील कर रहे हैं। पडरौना नगर के नौका टोला व अब्बासिया मुहल्ला सहित कई मुहल्लों में कार्यक्रम कर कार्यक्रम के आयोजक नाजिम इंजी. शाकिरुल्लाह अंसारी ने कहा कि समाज से डीजे का चलन सबके सहयोग से खत्म होना चाहिए। इसके लिए हम सब मिल जुलकर लगातार प्रयास कर रहे हैं जिसमें सबका सहयोग भी प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि डीजे अपूरणीय क्षति का कारण बन सकता है। इससे सभी को सचेत रहने की जरुरत है। डीजे की ज्यादा साउंड मस्तिष्क में तनाव पैदा करती है। इससे चिड़चिड़ापन बढ़ने के साथ-साथ हृदय की धड़कन तेज हो जाती है। आदमी तमाम तरह की बीमारियों का शिकार हो जाता है। इस अवसर पर जिकरुल्लाह अब्बासी, वकील अहमद अंसारी, नूर हसन खां, आफताब आलम, रजाउल मुस्तफा, अब्दुल्लाह, जमील आयशी, इस्ताखार अली, राजा खलील, शिब्बू बाबर, सफीउल्लाह उपस्थित रहे।

# दिल्ली में सनसनीखेज वारदात: जंगपुरा के ज्वेलरी शोरूम से चोरों ने दीवार काटकर 25 करोड़ के जेवरात किए चोरी

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में अब तक सबसे बड़ी चोरी होने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पॉश इलाके जंगपुरा में स्थित उमराव सिंह ज्वेलर्स के शोरूम में चोरों ने सेंध लगाकर वारदात को अंजाम दे दिया। चोरों ने दीवार काटकर करीब 25 करोड़ रुपये के सोने व डायमंड के जेवरात चोरी कर लिए। दिल्ली में अब तक की सबसे बड़ी चोरी होने से दिल्ली पुलिस समेत तमाम सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि चोर स्ट्रांग रूम की दीवार काटकर अंदर घुसे थे और वहां रखी सारी ज्वेलरी ले गए। निजामुद्दीन थाना पुलिस ने मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार, जंगपुरा में उमराव सिंह ज्वेलर्स शोरूम है। शोरूम के मालिक महावीर प्रसाद जैन ने बताया कि वह रविवार को देर शाम को शोरूम ठीक से बंद करके गए थे। जंगपुरा मार्केट बंद रहती है। वह मंगलवार सुबह शोरूम पर पहुंचे तो देखा कि




शोरूम का दरवाजा खुला हुआ था। पूरा शोरूम खाली पड़ा था। चोरों ने शोरूम के सीसीटीवी कैमरे भी खराब कर दिए। पुलिस शोरूम के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

उन्होंने बताया कि वह रविवार को दुकान बंद करके गए थे और मंगलवार की सुबह जब दुकान खोली तो उन्हें पूरी दुकान में धूल दिखाई दी। पता लगाने पर पता चला कि चोरों ने स्ट्रांग रूम की दीवार को तोड़कर उसमें घुसे थे। मालिक का कहना है कि करीब 20-25 करोड़ की ज्वेलरी चोरी हुई है। इसमें 5-7 लाख रुपये नकद भी बताए जा रहे हैं। शोरूम के सभी कर्मचारी मंगलवार सुबह ड्यूटी पर आए थे। बताया जा रहा है कि चोर छत का ताला तोड़कर स्ट्रांग रूम तक पहुंचे थे। मौके पर स्थानीय थाना की पुलिस टीमें व पीसीआर की टीमें पहुंच गईं। साथ ही क्राइम टीम को और फॉरेंसिक टीम को जांच के लिए बुलाया गया। ज्वैलरी शोरूम में हुई करोड़ों की चोरी के इस मामले को लेकर व्यापारियों में आक्रोश है। लगातार हो रही चोरी को लेकर ज्वेलर्श एसोसिएशन पुलिस कमिश्नर से भी जल्द मिलने वाली है।

## नोएडा में मासूम बच्ची के साथ दरिंदगी,पुलिस ने मुठभेड़ के बाद आरोपी को किया गिरफ्तार

**नोएडा।** एक मासूम बच्ची के साथ बलात्कार करने वाले आरोपी को थाना जेवर पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली उसके पैर में लगी है। आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। अपर पुलिस उपायुक्त (जोन तृतीय) अशोक कुमार सिंह ने बताया कि थाना जेवर क्षेत्र के कस्बा जहांगीरपुर में रहने वाली एक चार वर्षीय बच्ची के साथ उसके पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति ने बलात्कार किया था। इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। उन्होंने बताया कि पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए चैकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि अभियुक्त महेश पुत्र खजान सिंह चांचली मार्ग पर स्थित एक बाग में छिपा है। पुलिस ने बाग में जाकर दबिश दी तो आरोपी ने आत्म समर्पण करने की बजाय पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से गोली चला दी।उन्होंने बताया की जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने भी फायरिंग की। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली आरोपी महेश के पैर में लगी है। उन्होंने बताया कि इसके पास से पुलिस ने एक देसी तमंचा, कारतूस आदि बरामद किया है। अपर उपायुक्त ने बताया कि घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहीं दूसरी तरफ चार वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म की हुई घटना के चलते जेवर क्षेत्र में लोगों में भारी आक्रोश है। लोगों ने मांग किया है कि आरोपी को सजा-ए मौत दी जाए। जिससे इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लग सकें। बच्ची को डाक्टरी परीक्षण के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

## ग्रेटर नोएडा में महिला को बीच चौराहे गोलियों से भूना, पुलिस जांच में जुटी

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दादरी थाना कस्बे की सरस्वती विहार कॉलोनी में मंगलवार सुबह दिन दहाड़े दो बाइक सवार बदमाशों ने महिला की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, मंगलवार की सुबह 8:30 बजे दादरी थाना क्षेत्र के



अंतर्गत सरस्वती विहार कॉलोनी में राजकुमारी (40) को दो बाइक सवार बदमाश गोली मारकर फरार हो गए। घायल अवस्था में महिला को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक महिला की बेटी ने बताया कि उनका जिला पलवल के ग्राम गोड़ी निवासी मौसी सोनिया उर्फ सोनू से रुपयों के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था जिसमें आए दिन वह धमकी देती रहती थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, वहीं फरार बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन कर दिया गया है। सभी बिंदुओं पर गहनता से जांच की जा रही है।

## गाजियाबाद में मंदिर के दानपात्र से कर रहे थे चोरी, पुजारी और सेवादारों ने दो को पकड़ा, खूब की धुनाई, पुलिस को सौंपा

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के थाना शालीमार गार्डन स्थित एक मंदिर में दानपात्र में देर रात करीब 2 बजे चोरों ने चोरी का प्रयास किया। स्थानीय लोगों की मदद से दो चोरों को मंदिर के पुजारी और



सेवादारों ने पकड़ा और जमकर धुनाई की। चोर दानपात्र का ताला तोड़कर पैसे चुरा रहे थे। थाना शालीमार गार्डन क्षेत्र के संडे मार्केट में स्थित त्रिवेणी धाम मंदिर में देर रात कुछ अज्ञात बदमाश घुस गए। मंदिर के पुजारी मदन मोहन शर्मा व अन्य सेवादारों की नींद खुल गई। जैसे ही दान पात्र को बदमाशों ने खोलने का प्रयास किया तभी पुजारी ने शोर मचाया तो बदमाशों ने उन पर हमला कर दिया। कुछ बदमाश तो भाग गए मगर मंदिर में मौजूद सेवादारों ने दो बदमाशों को पकड़ लिया। जिन्हें पुलिस को सौंप दिया गया। एसीपी सूर्यबली ने बताया कि दो लोगों को हिरासत में लिया गया हैं। अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

## पीडब्ल्यूडी मंत्री ने अधिकारियों संग किया सड़कों का निरीक्षण

**नई दिल्ली।** पीडब्ल्यूडी मंत्री ने अधिकारियों के साथ दिल्ली विधानसभा से दिल्ली सचिवालय के बीच सिविल लाइन टी-जंक्शन से आईएसबीटी कश्मीरी गेट तथा वहां से रिंग रोड पर दिल्ली सचिवालय तक की सड़क का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सड़कों व फुटपाथ के रखरखाव, हार्टिकल्चर, ड्रेनेज व क्रॉसिंग को और ज़्यादा सुरक्षित व यूजर फ्रेंडली बनाने के तत्काल ज़रूरतों पर ज़ोर दिया।

निरीक्षण के दौरान पीडब्ल्यूडी मंत्री ने पाया कि सड़क पर फुटपाथ की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है, हार्टिकल्चर में भी एकरूपता नहीं है, ड्रेनेज सिस्टम को ठीक करने की जरुरत है। नियमित रखरखाव की कमी है। उन्होंने पाया कि इन सड़कों पर अभी सुधार व सौंदर्यीकरण की काफी गुंजाइश है। फुटपाथ के कुछ हिस्सों में पीडब्ल्यूडी मंत्री ने पाया कि, पेड़ों की समय पर छंटाई न होने से वो फुटपाथ के हिस्सों को घेर रहे है, और पैदल यात्रियों के



मार्ग को असुरक्षित बनाते हुए उसे अवरुद्ध कर रहे है। इसपर पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि दिल्ली विधानसभा से दिल्ली सचिवालय तक की सड़क जिसमें आईएसबीटी कश्मीरी गेट की सड़क भी शामिल है, शहर के सबसे व्यस्त व प्रमुख सड़कों में शामिल है और रोज़ाना इन सड़कों पर लाखों वाहनों की आवाजाही होती है। उसके बाद भी यहाँ सड़कों व फुटपाथ की अच्छी हालत न होना बेहद ग़लत गई। अरविंद केजरीवाल सरकार में ये क़तई बर्दाश्त नहीं होगा।

## दिल्ली हाई कोर्ट में बनी सरकारी डिस्पेंसरी में व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री

**नई दिल्ली।** दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली हाई कोर्ट में बनी सरकारी डिस्पेंसरी में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का लिया जायज़ा। सुबह 10:00 बजे हाई कोर्ट के जस्टिस संजीव सचदेवा के साथ डिस्पेंसरी की व्यवस्थाओं का क्या निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान मौजूद सभी वकीलों एवं जस्टिस संजीव सचदेवा ने दिल्ली सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा व्यवस्था की खुलकर की सराहना। स्वास्थ्य मंत्री सौरव भारद्वाज ने बताया कि जब वह हाई कोर्ट की डिस्पेंसरी का निरीक्षण करने पहुंचे तो वहां मौजूद हाई कोर्ट के जस्टिस संजीव सचदेवा एवं अन्य कई सारे वकीलों ने दिल्ली सरकार द्वारा डिस्पेंसरी में मुहैया कराई जा रही चिकित्सा सुविधाओं की जमकर सराहना की। उन्होंने बताया कि डिस्पेंसरी में लगभग सभी प्रकार की जांच और इलाज मुफ्त मुहैया कराया जाता है। **वकीलों ने डिस्पेंसरी में कुछ और**



**सुविधाओं की मांग रखी**

स्वास्थ्य मंत्री सौरव भारद्वाज ने बताया कि हाई कोर्ट के वकीलों ने निरीक्षण के दौरान डिस्पेंसरी में कुछ सुविधाओं की मांग रखी जो कि निम्न प्रकार से है...

1) वकीलों की अधिक संख्या को देखते हुए कर्मचारियों को बढ़ाने की मांग,

2) डेंटल विभाग में पुरानी डेंटल चेयर को बदलकर नई चेयर लगाने की मांग,

3) डिस्पेंसरी में ईएनटी विशेषज्ञ को तैनात करने की मांग,

4) पुरानी एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड मशीनों की जगह पर नई मशीन लगाने की मांग,

5) फिजियोथैरेपी डिपार्मेंट में वैक्स थेरेपी शुरू करने की मांग,

6) लोकनायक अस्पताल में उपचार हेतु 24 घंटे हेल्पलाइन सेवा शुरू करने की मांग,

7) सुप्रीम कोर्ट की तरह हाई कोर्ट के वकीलों को भी बेसिक लाइफ सपोर्ट ट्रेनिंग देने की मांग,

8) डिस्पेंसरी में कंप्यूटराइज्ड ओपीडी रजिस्ट्रेशन की मांग आदि

सौरभ भारद्वाज ने कहां कि हाई कोर्ट के वकीलों द्वारा दी गई इन सभी मांगों पर जल्द से जल्द विचार किया जाएगा और हमारी पूरी कोशिश रहेगी, कि जल्द से जल्द वकीलों को यह सभी सुविधाएं हाई कोर्ट में मुहैया कराई जाए।

## ऑनलाइन ठगी करने वाले इंटरनेशनल गिरोह के पांच बदमाश गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सेंट्रल दिल्ली के साइबर थाना पुलिस ने इंटरनेशनल ठग गिरोह का पर्दाफाश कर पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी भोले-भाले लोगों को हाई रिटर्न का झांसा देकर करोड़ों का चूना लगाते थे। गिरफ्तार सभी आरोपित कोई मामूली ठग नहीं हैं। इनमें इंजीनियरिंग और बीटेक पास भी हैं। इनमें से एक यूपीएससी की तैयारी भी कर रहा था। पुलिस ने इनके पास से 25 मोबाइल, 31 सिम कार्ड, पैन कार्ड, आधार कार्ड, पासबुक, चेकबुक बरामद किये हैं। ठगी के पैसे से खरीदी गई होंडा सिटी कार और महंगे सामान भी बरामद किए गए हैं।

जांच में यह पता चला है कि गिरफ्तार सभी ठग दुबई और फिलीपींस में मौजूद इंटरनेशनल ठगी गिरोह का हिस्सा हैं, जो उनके इशारे पर इंडिया में काम कर रहे थे। उनका संपर्क दूसरे और देशों में भी हो सकता है। गिरफ्तार आरोपित अपने द्वारा खोले गए



बैंक अकाउंट को कमीशन बेसिस पर भी आगे देते थे। पुलिस ने इनके अकाउंट में मौजूद 1 करोड़ 25 लाख की रकम को फ्रीज कर दिया है। एडिशनल डीसीपी सचिन शर्मा ने बताया, आशीष अग्रवाल नाम के सख्स ने नेशनल साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित ने बताया था कि उनके पास काफी सारे व्हाट्सएप पर मैसेज आए और उन्हें टेलीग्राम एप पर इन्वेस्ट करने के लिए लालच दिया गया। जिसके बदले हाई रिटर्न की बात कही गई थी, पहले 1000 इन्वेस्ट करके 1100 रिटर्न देने का लालच दिया गया। उसके बाद फिर 10000 इन्वेस्ट करने पर 12000 रिटर्न दिया गया। धीरे-धीरे करके फिर अमाउंट बढ़ता चला गया और उसने 30 लाख रुपये हाई रिटर्न के चक्कर में गवां दिए। पुलिस टीम ने टेक्निकल सर्विलांस, बैंक अकाउंट की डिटेल और मोबाइल नंबर के टेक्निकल जांच के आधार पर पता लगाते हुए इस फर्जीवाड़े का खुलासा किया है। आरोपितों ने ठगी का अमाउंट 25 अलग-अलग बैंक अकाउंट में जमा किया था। जिसके बाद उस रकम को फिर दूसरे अकाउंट में ट्रांसफर कर दिया गया था। जांच में पुलिस को पता चला कि उनका करंट अकाउंट यस बैंक में था, जो कि एक फर्जी कंपनी के नाम पर खुला हुआ था। सुहेल अकरम नाम के शख्स ने खोला था। उसके साथ गौरव शर्मा नाम का सख्स भी काम करता था। इन लोगों ने अलग-अलग लोगों को डायरेक्टर बना करके 11 फर्जी कंपनी रजिस्टर्ड करवा रखी थीं। तीनों को पुलिस ने मालवीय नगर इलाके से गिरफ्तार किया है। इनके पास से फर्जी स्टांप अलग-अलग नाम से बैंक अकाउंट के डेबिट कार्ड आदि बरामद किए गए है।

## केजरीवाल सरकार ने धूल प्रदूषण रोकने के लिए सभी निर्माण एजेंसियों को जारी किया 14 सूत्रीय दिशा निर्देश

**नई दिल्ली।** । दिल्ली सरकार ने वायु प्रदूषण पर नियंत्रण करने के उपायों पर काम तेज कर दिया है। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने सोमवार को सरकारी और निजी निर्माण एजेंसियों के 200 से अधिक प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और धूल प्रदूषण रोकने के लिए 14 सूत्रीय दिशा-निर्देशों का पालन करने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही चेतावनी दी कि मानदंडों का पालन नहीं करने वाली सरकारी और निजी एजेंसियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी और प्राईवेट निर्माण एजेंसी को गाइडलाइन के संदर्भ में कंस्ट्रक्शन कर्मचारियों को साइट पर ही ट्रेनिंग देना अनिवार्य है और ट्रेनिंग सामग्री डीपीसीसी द्वारा एजेंसी को उपलब्ध कराई जाएगी। निर्माण एजेंसी को 5 हजार वर्ग मीटर की निर्माण साईट पर एंटी स्मॉग गन लगाना अनिवार्य होगा । सरकार सर्दियों में प्रदूषण से निपटने के लिए 15 फोकस बिंदुओं पर विंटर एक्शन प्लान तैयार कर रही है, जिसमें धूल प्रदूषण पर अंकुश लगाना भी शामिल है। बैठक में सभी सरकारी और प्राइवेट निर्माण एजेंसी को प्रदूषण रोकने के लिए 14 सूत्रीय दिशा-निर्देशों को विस्तार से बताया गया और सख्ती से उसका अमल करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधियों से सुझाव भी लिए गए। गोपाल राय ने सभी सरकारी और प्राईवेट निर्माण एजेंसी को गाइडलाइन के संदर्भ में कंस्ट्रक्शन कर्मचारी को साईट पर ही ट्रेनिंग देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रदूषण हमारी और हमारे बच्चों की जिंदगी से जुड़ा मुद्दा है। सभी को मिलकर सांसों को बचाने के लिए लड़ना होगा। इसलिए सभी को अपनी-अपनी जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी के साथ निभानी होगी।

# कार्रवाई से बौखलाए खालिस्तानी आतंकी: पंजाब और दिल्ली पुलिस पर हो सकता है हमला, इनपुट मिलने के बाद अलर्ट

**नई दिल्ली।** भारतीय सुरक्षा एजेंसियों की कार्रवाई से खालिस्तानी आतंकी बौखलाए हुए हैं। इस कार्रवाई को लेकर खालिस्तानी आतंकी पंजाब और दिल्ली पुलिस पर हमला कर सकते हैं। इनपुट मिलने के बाद दिल्ली पुलिस अलर्ट हो गई है। इसके साथ ही सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

**कनाडा में छिपे आतंकियों-गैंगस्टरों की आई शामत**

कनाडा में छिपे खालिस्तान समर्थक आतंकियों और पंजाब के गैंगस्टरों का नेटवर्क तोड़ने के लिए पंजाब पुलिस व केंद्रीय एजेंसियों ने कार्रवाई तेज कर दी है। कनाडा के ताजा प्रकरण के बाद पंजाब में दो दिन से गैंगस्टरों-आतंकियों समेत उनके मददगारों के ठिकानों पर छापे मारे जा रहे हैं। पंजाब पुलिस के साथ एनआईए समेत केंद्रीय एजेंसियां इस ऑपरेशन में शामिल हैं।

पंजाब में ऐसे 37 ठिकानों पर छापे मारे गए। छापों में हथियारों के अलावा विदेश से मोटी रकम ट्रांसफर होने के भी कई दस्तावेज बरामद किए गए हैं। करीब 30 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। इनसे एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पूछताछ कर रही है। पिछले 48 घंटों में गैंगस्टर गोल्डी बराड़ व गैंगस्टरों-आतंकियों के मददगारों के करीब 1200 ठिकानों को




खंगाला गया है। एजेंसियों की निगाहें उन लोगों पर हैं, जो किसी न किसी रूप विदेश में छिपे आतंकियों व गैंगस्टरों की मदद कर रहे हैं। पुलिस ने ऐसे लोगों का रिकॉर्ड जुटा लिया है। गैंगस्टर गोल्डी बराड़ कनाडा से अपना नेटवर्क चला रहा है। पुलिस का मानना है कि कोरोना काल में आतंकियों और गैंगस्टरों ने सोशल मीडिया के माध्यम से पंजाब के युवाओं को बड़े-बड़े सपने दिखाकर साथ जोड़ा।

कनाडा में बैठे आतंकी और गैंगस्टर नाबालिगों और कॉलेज-यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे छात्रों में बरगला रहे हैं। कुछ लोगों के खातों में पैसे तक डाले हैं। अब इन्हीं को मोहरा बनाकर विदेश में छिपे आतंकी पंजाब में माहौल बिगाड़ने की कोशिश में हैं। तरनतारन के सरहाली थाने पर रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड (आरपीजी) से हमला में आतंकियों के इसी ट्रेंड का खुलासा हुआ था। इसमें आतंकियों ने 10 नाबालिगों को बरगला कर वारदात को अंजाम दिया था।

**अब विदेश में छिपे 19 आतंकियों की संपत्ति जब्त करने की तैयारी**

कनाडा और भारत के रिश्तों में आई तनातनी के बीच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने विदेश में छिपे आतंकियों पर शिकंजा कस दिया है। इसी कड़ी में अब कनाडा, यूके, यूएस और दुबई में छिपे 19 भगोड़े खालिस्तान आतंकियों की एक सूची तैयार की है। सूत्रों के मुताबिक पुराने दर्ज केसों में अब इनकी संपत्ति जब्त की जा सकती है। इसके लिए एनआईए की टीमें केसों की स्टडी में जुट गई हैं।

एनआईए के सूत्रों के मुताबिक जिन लोगों के नाम इस सूची में शामिल हैं, उन सब पर देश विरोधी गतिविधियों के आरोप हैं। कई बार इन मुद्दों को केंद्र सरकार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठा चुकी है। भगोड़ों की सूची में परमजीत सिंह पम्मा, वधावा सिंह बब्बर उर्फ चाचा, कुलवंत सिंह, जेएस धालीवाल, सुखपाल सिंह, हरप्रीत सिंह उर्फ राणा, सरबजीत सिंह, कुलवंत सिंह उर्फ कांटा, हरजप सिंह उर्फ जैपी सिंह, रनजीत सिंह नीटा, गुरमीत सिंह उर्फ बग्गा उर्फ बाबा, गुरप्रीत सिंह उर्फ बागी, जसमीत सिंह हाकिमजादा, गुरजंट सिंह ढिल्लों, लखबीर सिंह रोडे, अमरदीप सिंह पूरेवाल, जतिंदर सिंह गरेवाल, दपिंदरजीत और एस हिम्मत सिंह का नाम शामिल हैं।

इससे पहले एनआईए ने प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू की चंडीगढ़ और अमृतसर में संपत्ति जब्त की थी। इससे पहले आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की संपत्ति को जब्त करने की कार्रवाई शुरू हो गई है।

## बाप ने पार की बेरहमी की हदें: पत्नी और बेटे की हत्या, एक बार में नहीं गई जान तो मासूम का दोबारा गला दबाकर मारा

**नई दिल्ली।** दूसरी युवती से सगाई के बाद मलकपुर के रहने वाले हिमांशु ने पत्नी सीमा और तीन साल के मासूम की हत्या की थी। एक बार मासूम का गला दबाकर फेंकने के बाद रोने की आवाज आई तो आरोपी पिता हिमांशु ने दोबारा गला दबाया। आरोपी ने खुद यह बात पुलिस के सामने कबूल की है। पुलिस लेकिन बच्चे का शव तलाश नहीं कर सकी है।

पुलिस के मुताबिक आरोपी ने 11 सितंबर को अपने भाई दीपांशु के साथ मिलकर मां-बेटे की हत्या कर शव नॉलेज पार्क क्षेत्र में फेंक दिए थे। पुलिस ने सीमा का शव बरामद कर दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। बच्चे का शव नहीं मिलने पर पुलिस आशंका जता रही है कि कोई जानवर उसे ले गया।

डाग स्क्वॉयड की मदद से तलाशी के बावजूद बच्चे का शव या अवशेष के अलावा कपड़े भी नहीं मिले हैं। ग्रेटर नोएडा के मलकपुर में रहने वाले सीमा और हिमांशु दोनों मूलरूप से आजमगढ़ के रहने वाले थे। गौतमबुद्ध नगर की एक कंपनी में काम करने के दौरान साल 2016 में दोनों की पहचान हुई। दोनों ने मंदिर में विवाह कर लिया। शादी के बाद एक बेटा उनके हुआ। हिमांशु ने सीमा से शादी करने के संबंध में परिजन को जानकारी नहीं दी थी। इसके चलते परिजन ने हिमांशु का विवाह तय कर दिया। आरोपी हिमांशु सीमा को बिना बताए आजमगढ़ जाकर दूसरी युवती से सगाई कर आया। हिमांशु के मोबाइल में सगाई के फोटो देखने के बाद सीमा विवाह रजिस्टर्ड कराने का दबाव बनाने लगी।

हिमांशु ने सीमा से वादा किया कि वह 12 सितंबर को दिल्ली ले जाकर विवाह रजिस्टर्ड करा लेगा। आरोपी सीमा और मासूम बेटे से पीछा छुड़ाने के इरादे से उन्हें हरिद्वार और वृंदावन घुमाने ले गया। लेकिन आरोपी को वहां मौका नहीं मिला।

वृंदावन से वापस लौटकर 11 सितंबर को हिमांशु एकांत में सेल्फी का बहाना बनाकर सीमा को नॉलेज पार्क क्षेत्र में ले गया। आरोपी ने पहले सीमा की सिर में वार कर हत्या की। इसके बाद बेटे की गला दबाकर हत्या कर दोनों के शव झाड़ी में फेंक दिए।

**पत्नी का पुलिस ने कराया अंतिम संस्कार**

पुलिस ने बताया कि 13 सितंबर को नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने गुर्जरपुर अंडरपास रेलवे लाइन पार कर जंगल से अज्ञात में बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। तीन दिन बाद उसके शव का अंतिम संस्कार कर दिया। सीमा की बहन ने 17 सितंबर को गुमशुदगी सूरजपुर कोतवाली में दर्ज कराई थी।

## अनुबंधित सफाई श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन सुनिश्चित करने की मांग

**नई दिल्ली।** नेशनल कैंपेन फॉर डिग्निटी एंड राइट्स ऑफ सीवरेज एंड एलाइड वर्कर्स?,और दलित आदिवासी शक्ति अधिकार मंच ने दिल्ली में अनुबंधित सफाई श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

नेशनल कैंपेन फॉर डिग्निटी एंड राइट्स ऑफ सीवरेज एंड एलाइड वर्कर्स? की राष्ट्रीय संयोजक हेमलता कंसोटिया? ने रविवार को यहां बताया कि दिल्ली में भारी संख्या में सफाई कर्मचारी अनुबंध के काम करते हैं। इन कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन नहीं मिल रहा है और उनके पास कोई सामाजिक सुरक्षा जैसे जीवन बीमा, स्वास्थ्य बीमा या चिकित्सा सुविधा भी नहीं है। उन्होंने कहा कि इन श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा का कोई भी लाभ नहीं मिलता है। सुश्री कंसोटिया ने दावा किया कि जब नौकरी के अनुबंध में स्वास्थ्य बीमा और मुआवजे का उल्लेख होता है तब भी सीवर श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा नहीं मिलती है। उन्होंने सीवर 'शिल्ट' उठाने वाली महिला सीवर कर्मचारियों (अनुकंपा के आधार पर नियुक्त) की दुर्दशा का जिक्र किया और कहा कि इन्हें सीवर कर्मचारी भी नहीं माना जाता है।उन्होंने कहा कि सीवर श्रमिकों को ईएसआई कार्ड नहीं दिए जाते हैं जोकि स्वास्थ्य लाभ सुनिश्चित करने और विशेष रूप से स्वच्छता श्रमिकों के लिए महत्वपूर्ण है। लंबे समय तक काम करने वाले कर्मियों को कुशल नहीं माना जाता और उन्हें दिल्ली जल बोर्ड का स्थायी कर्मचारी नहीं बनाया जाता। दिल्ली में सीवर श्रमिकों की आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने का एकमात्र तरीका ठेकेदारी प्रथा को हटाना और सरकारी विभागों के माध्यम से श्रमिकों की भर्ती करना है। म्युनिसिपल वर्कर्स लाल झंडा यूनियन के अध्यक्ष वीरेंद्र गौड़ ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड में काम करने वाले सीवर श्रमिकों को भी न्यूनतम वेतन नहीं दिया जाता है। आंकड़ों के अनुसार इस साल दिल्ली में 19 सीवर कर्मचारियों की मौत हुई है। सभी 30 साल से कम उम्र के थे, जिनके परिवारों को उचित मुआवजा नहीं दिया गया है।

# गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के छात्रों ने नवाचारी कॉन्क्रीट वर्कशॉप का आयोजन किया

**संवाददाता**

**गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा, भारत –** एक अद्वितीय उपलब्धि के रूप में, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के वास्तुकला और योजना विभाग के छात्रों ने सफलतापूर्वक , एक प्रवृत्तिक वर्कशॉप का आयोजन किया। यह आद्यात्मिक प्रयास, विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग रबीर ब्लॉक में हुआ, जिसमें युवा वास्तुकारों और इंटीरियर डिजाइनर्स ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।वास्तुकला विभाग की विभागाध्यक्ष आर्किटेक्ट माधुरी अग्रवाल के मार्गदर्शन के तहत, इस वर्कशॉप का 21 सितंबर से 25 सितंबर, 2023 तक आयोजन हुआ। इस वर्कशॉप की मुख्य विशेषता एक घर के मास्तर रूप में ध्यान से बनाए गए कॉन्क्रीट मॉडल का 1:10 के स्केल में निर्माण हुआ।छात्रों के समर्पण और कौशल का पूरा प्रदर्शन हुआ, जैसे कि वे सीमेंट, बजरी, सरिया के साथ विभिन्न निर्माण सामग्री का उपयोग करके इस मॉडल का निर्माण करने में सफल रहे।



मॉडल की दीवारें सीमेंट ईंटों से बनाई गई थीं, जबकि स्तंभ, बीम्स,और स्लैब ट-20 ग्रेड कॉन्क्रीट से निर्मित थे। इस बारीकी से वास्तुकला के वास्तविक निर्माण तकनीकों का उपयोग करने ने इस वर्कशॉप को शिक्षाप्रद और अद्वितीय अनुभव बना दिया था, जिसमें भाग लेने वाले छात्रों को काफी सीखने को मिला।

इस वर्कशॉप की सफलता का श्रेय वास्तुकला विभाग के विशेषज्ञ छात्रों और समर्पित शिक्षक सदस्यों के अथक प्रयासों को जाता है।

मुख्यतः विशिष्ट वास्तुकारों में शानवाज खान, अर्चिटेक्ट अरुण कुमार उपाध्याय, अर्चिटेक्ट आलोक वर्मा और अर्चिटेक्ट राजेश कुमार शामिल हैं, जिन्होंने पूरे प्रोजेक्ट के दौरान मूल्यवान सुझाव प्रदान किए।इस वर्कशॉप की सफलता की संभावना नहीं थी बिना छात्र समन्वयकों धीरेश सिंह, सागर पंडित, और संदीप कुमार के टीमवर्क और समर्पण के बिना, जिन्होंने निर्माण प्रक्रिया के दौरान अपने सहछात्रों को प्रोत्साहित किया।

उनका समर्पण और उत्साह गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय की डीन डॉ. कीर्ति पाल द्वारा पहचाना और सराहा गया, जिन्होंने अपनी प्रशंसा व्यक्त की और उनके उज्जवल भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं दी।इसके अलावा, दूसरे, तीसरे और चौथे वर्ष बी.आर्क के छात्रों ने वर्कशॉप में शामिल अपने सहपाठियों का बेहद समर्थन किया।समापन में, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के वास्तुकला विभाग ने अपने पहले कॉन्क्रीट वर्कशॉप के साथ एक नई पहचान बनाई है।

यह नवाचारी प्रोजेक्ट न केवल छात्रों के बहुत बड़े प्रतिबद्धता बल्कि उन्हें वास्तविक दुनियावी निर्माण तकनीकों के साथ परिचित कराता है। पूरे विश्वविद्यालय समुदाय, शिक्षक सदस्यों, छात्र समन्वयकों और छात्रों ने गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के प्रगतिशील पहल के लिए आभार व्यक्त किया, जिसे वास्तुकला और डिजाइन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियों की ओर कदम रखने की पहल है।

## संक्षिप्त डायरी

### ग्रेटर नोएडा के इन्डिया एक्सपोमार्ट सैंटर में पाँच दिवसीय यू० पी० इन्टरनेशनल ट्रेड शो समापन अवसर पर गलगोटिया विश्वविद्यालय को मिला प्रथम स्थान




**संवाददाता**

**गौतमबुद्धनगर।** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय नारायण तातु राणे यूनियन मिनिस्टर सूक्ष्म , लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार ने अपने कर कमलों ले गलगोटिया विश्वविद्यालय के विजयी विद्यार्थियों की टीम को प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिये ट्राफी प्रदान की। यू० पी० इन्टरनेशनल ट्रेड शो में प्रदर्शित गलगोटियाज विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित ह्लचन्द्रायन-3 का मॉडलह्व सभी के लिये अंतिम दिन तक बना रहा आकर्षण का केन्द्र। ह्लचन्द्रायन-3 के मॉडलह्व ने सभी के ह्रदय में अपना एक अलग से ही स्थान बनाया था। इस इन्टरनेशनल ट्रेड शो में लगभग 300 ब्राँड के साथ 2000 से ज्यादा एक्जिबीटर्स हिस्सा लिया था। जिसमें द्वितीय तल पर हाल नम्बर 8 में गलगोटिया विश्वविद्यालय का स्टाल भी लगा हुआ था। यहाँ पर विद्यार्थियों ने अपने उच्च गुणवत्ता पूर्ण प्रोडक्टों का निर्माण करके अपनी शानदार प्रतिभा और अपने बेजोड़ कौशल का प्रदर्शन किया था। इसीलिए आज उनको इस (यू० पी० इन्टरनेशनल ट्रेड शो) में प्रथम स्थान प्राप्त करने का सुअवसर प्राप्त हुआ है। विद्यार्थियों ने कई प्रकार के महत्वपूर्ण उत्पादों की प्रदर्शनी लगायी थी। इन उत्कृष्ट उत्पादों में टार्टअप प्रोडक्टस की बात करें तो शोभित अग्रवाल, तरुण सात्यकी और शैलवी गुप्ता द्वारा स्थापित, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, ऑटोमोटिव इंजीनियरिंग में एक सामूहिक पृष्ठभूमि और भारत में विनिर्माण के लिए एक साझा प्रयास उन्होंने किया है। प्रिंस राणा, मयंक, हर्षित, वंशिका और वर्णिका की टीम ने शुद्ध आयुर्वेद पद्धति पर आधारित बहुत ही स्वादिष्ट, शारीरिक थकान को हटाकर ऊर्जा प्रदान करने वाला ह्ल रिफ्रेशमैंट ड्रिंकह्व के नाम से एक पेय पदार्थ का निर्माण किया गया। जिसमें तुलसी, नींबू, अदरक और पाचन तंत्र को इम्युनिटी सिस्टम को बढ़ाने वाले अनेक प्रकार के आयुर्वेदिक औषधियों का प्रयोग किया गया है।

### मोदीनगर में मनाया गया काला दिवस

**संवाददाता**

**गौतमबुद्धनगर/गाजियाबाद।** मोदीनगर में आयोजित काला दिवस के मौके पर 1990 में आरक्षण के विरुद्ध आंदोलन करते हुए दो नवयुग को स्वर्गीय संजय कौशिक वी स्वर्गीय युवराज सिंह की पुलिस की गोली से हत्या कर दी गई थी उनकी आज पुण्यतिथि थी जिस पर संपूर्ण मोदीनगर के बाजार बंद रहे लोगों ने काली पट्टी बांधकर दोनों शहीदों को दोनों के अलग-अलग समाधि स्थल जाकर संवेदना व्यक्ति और फूल माला पहनकर संवेदना वक्त की इस मौके पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में मुझे पंडित पीतांबर शर्मा और मेरे साथी पुरुषोत्तम मैं तेरे सुरेंद्र शर्मा अशोक कुमार इस मौके पर जाकर संवेदना व्यक्त करने का मौका मिला



### गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के इतिहास और सभ्यता विभाग के छात्रों ने सामाजिक जिम्मेदारी के तहत प्रगति मैदान का किया दौरा

**ग्रेटर नोएडा/दिल्ली।** गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के इतिहास और सभ्यता विभाग के छात्र छात्राओं का प्रगति मैदान पर में लोक उद्यम विभाग के सी. पी. एस. ई (सी.एस.आर) के लिए दौरा



नई दिल्ली, 26 सितंबर 2023: गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के इतिहास और सभ्यता विभाग के छात्रों ने सामाजिक जिम्मेदारी के तहत प्रगति मैदान का दौरा किया है, जोकि एक लोक उद्यम विभाग के सी. पी. एस. ई सीएसआर (कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी) परियोजना का हिस्सा है। यह दौरा छात्रों को सामाजिक सेवा के क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाने और उन्हें जनसंचालन के माध्यम से सिखाने का एक महत्वपूर्ण मौका प्रदान किया। इस दौरे के तहत, छात्रों ने प्रगति मैदान के पैविलियन में अनुसंधान किया और वहां की विभिन्न कंपनियों से बातचीत की। उन्होंने यहां की विभिन्न सामाजिक सेवा परियोजनाओं के बारे में जानकारी जुटाई और उनके लिए विभिन्न संगठनों के साथ साझा की। विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों में अध्यक्ष डॉ बंदना पांडे विभागाध्यक्ष डॉ राकेश श्रीवास्तव , विभाग कॉर्डिनेटर डॉ संगीता वाधवा, के साथ डॉ श्वेता, डॉ उपेंद्र , डॉ विवेक पचौरी, डॉ आलोक , डॉ प्रकाश उपस्थित रहे ' इस दौरे का समर्थन किया और इसे छात्रों के लिए महत्वपूर्ण माना है। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई है कि इस प्रकार के सीएसआर कार्यक्रम छात्रों को न केवल सीखने का अवसर प्रदान करते हैं, बल्कि समाज में उनके योगदान की महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाते हैं। इस दौरे के साथ, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के छात्र सामाजिक सेवा के क्षेत्र में अपनी भूमिका में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन करते हुए दिख रहे हैं, जो समाज के लिए एक सकारात्मक परिवर्तन की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है।

## साइट 4 रामलीला मंचन के लिये भूमि पूजन हुआ सम्पंन

**गौतमबुद्धनगर।,** श्री रामलीला कमेटी, ग्रेटर नोएडा द्वारा आयोजित होने वाले विजय महोत्सव 2023 कार्यक्रम के लिये साइट 4 स्थित रामलीला मैदान में भूमि पूजन संपन्न हुआ।महासचिव बिजेंद्र सिंह आर्य ने बताया कि इस वर्ष 15 से 25 अक्टूबर तक विजय महोत्सव 2023 कार्यक्रम साइट 4 स्थित सेंट्रल पार्क में धूमधाम से मनाया जायेगा।अध्यक्ष स0 मंजीत सिंह ने बताया कि वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन करने के पश्चात धर्मचंद जी के कर कमलों द्वारा नारियल फोड़कर भूमि पूजन सम्पंन हुआ उसके उपरांत बिजेंद्र भाटी, डॉ0 राकेश गुप्ता, राजकुमार भाटी, अजित दौला, वीरेंद्र दाढा, अजय चौधरी व राकेश आर्य ने सफल आयोजन के लिये शुभकामनाएँ प्रेषित की।कार्यक्रम में मनोज गर्ग, सौरभ बंसल, विनोद कसाना, धर्मपाल भाटी, कमल सिंह आर्य, कुलदीप शर्मा, के के शर्मा, हरेंद्र भाटी, मुकुल गोयल, मुकेश शर्मा, अमित गोयल, श्यामवीर भाटी, विकास प्रधान, अनिल कसाना, सुनील प्रधान, अरुण गुप्ता, विशाल जैन, हरवीर मावी, गजेंद्र सिंह, बजरंग गोयल, गिरीश जिंदल , ओमप्रकाश अग्रवाल, सुरेन्द्र तायल ,मनोज यादव , कमल सिंह आर्य , अजय रामपुर व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## अजेर्टीना के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने किया एमिटी दौरा

**गौतमबुद्धनगर।** एमिटी विश्वविद्यालय की शिक्षण व शोध गुणवत्ता से प्रभावित होकर अजेर्टीना के तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने आज एमिटी का दौरा किया। इस प्रतिनिधिमंडल में अजेर्टीना नेशनल इंटरयूनिवर्सिटी कांउसिल के अध्यक्ष एवं सैन मार्टिन विश्वविद्यालय के रेक्टर श्री कारलोस ग्रेको, नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ द नार्थईस्ट ऑफ ब्रुनो के रेक्टर श्री गुइलेर्मो टैमारिट और भारत में अजेर्टीना दूतावास के राजनैतिक विभाग की प्रमुख सुश्री सेसिला सिलबरबर्ग शामिल थी। इस प्रतिनिधिमंडल का स्वागत एमिटी ग्रूप वाइस चांसलर डा गुरिंदर सिंह, एमिटी फूड एग्रीकल्चर फांउडेशन की महानिदेशक डा नूतन कौशिक द्वारा किया गया।इस अवसर पर अजेर्टीना के ब्यूनस आयर्स विश्वविद्यालय के द स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर और एमिटी विश्वविद्यालय एवं संस्थान के मध्य कृषि एवं अन्य क्षेत्रों में आपसी शैक्षणिक सहयोग विकसित करने के लिए समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किया गया। इस समझौता पत्र पर एमिटी ग्रूप वाइस चांसलर डा गुरिंदर सिंह और अजेर्टीना के ब्यूनस आयर्स विश्वविद्यालय के द स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर की डीन डा एड्रियाना एम रोड्रिग्ज ने हस्ताक्षर किये। इस समझौते पत्र के अंर्तगत छात्रों की गतिशीलता या आवागमन को बढ़ावा देने, संयुक्त अनुसंधान करने, अल्पकालिक विजिटर प्रोफेसरों के अवागमन, आपसी हितों के मामले में संयुक्त अध्ययन व परियोजनाओं का संचालन करने, पाठयक्रम, शैक्षिक सामग्री और अनुसंधान परिणामों को साझा करने समर व इंर्टनशिप कार्यक्रम को बढ़ावा देने का कार्य करेगें।अजेर्टीना नेशनल इंटरयूनिवर्सिटी कांउसिल के अध्यक्ष एवं सैन मार्टिन विश्वविद्यालय के रेक्टर श्री कारलोस ग्रेको ने संबोधित करते हुए कहा कि आज एमिटी में आकर बेहद प्रसन्नता हुई और मिलकर आपसी सहयोग के क्षेत्रों को मजबूती प्रदान करेगें जिससे दोनों देशों व संस्थानों के विकास में सहायता मिलेगी। उन्होनें एमिटी के छात्रो को आंमत्रित करते हुए नैनोतकनीकी, बायोतकनीकी, सहित इंजिनियरिंग और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्य करने पर जोर दिया।नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ द नार्थईस्ट ऑफ ब्रुनो के रेक्टर श्री गुइलेर्मो टैमारिट ने कहा कि आज हमें प्रख्यात एमिटी शिक्षण समूह के साथ सहयोग करके अच्छा लग रहा है। सामजिक अखंडता, गतिशीलता और इतिहास हमारे देश को मुख्य भाग है। संस्थानों के मध्य इस तरह के आपसी सहयोग दोनो संस्थानों के छात्रों के विकास में अवश्य सहायक होगी। हम सहयोग की संभावनाओं पर विचार कर रहे है। एमिटी ग्रूप वाइस चांसलर डा गुरिंदर सिंह ने अतिथियों को संबोधित करते हुए कहा कि एमिटी छात्रों को वैश्विक नागरिक बनाने के लिए वैश्विक अनावारण प्रदान करता है जिससे छात्रों को विकास के समान अवसर प्राप्त हो। वर्तमान बदलते वैश्विक परिवेश में शिक्षण संस्थानों का आपसी सहयोग अनिवार्य है जिससे छात्रों का सवार्गीण विकास संभव है। डा सिंह ने एमिटी विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठयक्रमों, शोध कार्यक्रमों आदि की विस्तृत जानकारी प्रदान की।एमिटी फूड एग्रीकल्चर फांउडेशन की महानिदेशक डा नूतन कौशिक ने संबोधित करते हुए कहा कि इस समझौते पत्र के अंर्तगत हम ब्यूनस आयर्स विश्वविद्यालय के साथ मिलकर कृषि के विभिन्न क्षेत्रों में शोध व नवाचार के कार्य को करेगें। डा कौशिक ने कहा कि इस आपसी सहयोग से शौधार्थियों और छात्रों को शोध के नये अवसर प्राप्त होगें।इस अवसर पर भारत में अजेर्टीना दूतावास के राजनैतिक विभाग की प्रमुख सुश्री सेसिला सिलबरबर्ग, अजेर्टीना के ब्यूनस आयर्स विश्वविद्यालय के द स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर की डीन डा एड्रियाना एम रोड्रिग्ज (ऑनलाइन) आदि ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर एमिटी विश्वविद्यालय के हैल्थ एंड एलाइड सांइस के डीन डा बी सी दास, वरिष्ठ वैज्ञानिक डा ए के सिंह उपस्थित थे।



## ग्राम मिल्क लच्छी निवासी परणवी ने दिल्ली के देशबंधु कॉलेज में छात्र संघ के उपाध्यक्ष पद पर बड़ी जीत की हासिल

**संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** बिसरख ब्लॉक पूर्व प्रमुख कर्मवीर नागर ने बताया कि जिला गौतमबुद्धनगर के ग्राम मिलक लच्छी निवासी राजू सरपंच की पौत्री और मनोज नागर की पुत्री प्रिय परणवी ने दिल्ली के देशबंधु कॉलेज में छात्र संघ के उपाध्यक्ष पद पर लगभग 550 मतों से बड़ी जीत हासिल करके परचम लहराया है। जो कि गांव एवं जिले के लिए बड़े ही हर्ष का विषय है। गांव वासियों ने प्रिय परणवी द्वारा इतनी बड़ी जीत हासिल कर क्षेत्र और गांव का नाम रोशन करने के लिए बहुत-बहुत हार्दिक बधाईयां दी देशबंधु कॉलेज के छात्र संघ उपाध्यक्ष पद पर विजय पताका फहराने वाली प्रिय परणवी सिंह के बाबा स्वर्गीय जयपाल सिंह पूर्व में सरपंच रह चुके हैं, ताऊ मास्टर सुखबीर सिंह नागर गांव के प्रधान रह चुके हैं, ताई श्रीमती धर्मवती देवी भी गांव की प्रधान रह चुकी है और चाचा डॉक्टर महेंद्र सिंह नागर जनपद गौतम बुध नगर के कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रह चुके हैं।



## एकेडमिक एक्सचेंज आईआईपी 2023 के लिए जी एन आईओटी प्रबंधन अध्ययन संस्थान के छात्र दुबई के लिए रवाना

**संवाददाता**

**गौतमबुद्धनगर ।** जीएनआईओटी प्रबंधन अध्ययन संस्थान, ग्रेटर नोएडा में इंटरनेशनल इमर्शन प्रोग्राम (आईआईपी 2023) का आयोजन किया गया कसंस्था द्वारा प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी पीजीडीएम कोर्स के द्वितीय वर्ष में अध्यनरत सभी विद्यार्थियों एवम शिक्षकों को वैश्विक परिवेश एवं अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण को समझने एवं अनुभव करने के उद्देश्य से दुबई भेजा गया है क इस वर्ष संस्थान के द्वारा आईआईपी 2023 प्रोग्राम के तहत 200 विद्याथीयों एवं शिक्षकों का समूह दुबई भेजा गया है ।




जीएनआईओटी प्रबंधन अध्ययन संस्थान के द्वितीय वर्ष के छात्र सितंबर 25 से 29 तक दुबई स्थित डे मोंटफोर्ट यूनिवर्सिटी में एकेडमिक एक्सचेंज प्रोग्राम के अंतर्गत विभिन्न सर्टिफिकेशन प्रोग्राम करेंगे क इस तरीके के इंटरनेशनल सर्टिफिकेशन प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य संस्थान द्वारा विद्यार्थियों को एक अंतरराष्ट्रीय स्तर की शिक्षा के साथ साथ आज के इस बदलते परिवेश में वैश्विक परिस्थितियों के अनुरूप शिक्षा ग्रहण करना है क संस्था द्वारा आयोजित इस सर्टिफिकेशन कोर्स के अंतर्गत शिक्षक एवं अध्यनरत विद्यार्थी मुख्य रूप से इंटरनेशनल ट्रेड, मैनेजमेंट थ्रू ब्लाकचैन एवं इंटरनेशनल लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट विषय पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे साथ ही साथ इन सर्टिफिकेशन कोर्सेस के अलावा डे मोंटफोर्ट यूनिवर्सिटी, दुबई के प्राचार्य द्वारा अन्य सत्र भी आयोजित किए जाएंगे कइसी क्रम में जीएनआईओटी प्रबंधन अध्ययन संस्थान, ग्रेटर नोएडा के निदेशक डॉ भूपेंद्र सोम द्वारा भी डे मोंटफोर्ट यूनिवर्सिटी के विद्याथीर्यों को पांच विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिए जाएंगेकदुबई के इस 5 दिनों केअपने प्रवास के दौरान छात्र यूनिवर्सिटी कैंपस के अलावा दुबई की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के साथ-साथ सुंदर दर्शनीय स्थलों और अत्याधुनिक बुनियादी ढाँचा और वैश्विक आर्थिक दृष्टि की आधुनिक स्थिति का भी आनंद लेंगे।

दुबई का सेंटर ऑफ अट्रैक्शन बुर्ज खलीफा, डेजर्ट सफारी,क्रूज राइड जैसी कुछ चुनिंदा जगहों पर छात्र भ्रमण भी करेंगेक विद्याथीर्यों को सहजता एवं मार्गदर्शन करने हेतु संस्थान की तरफ से 20 शिक्षकों का एक समूह भी छात्रों के साथ दुबई गया हैकजीएनआईओटी प्रबंधन अध्ययन संस्थान, ग्रेटर नोएडा के सीईओ श्री स्वदेश कुमार सिंह ने बताया की संस्था द्वारा विद्याथीर्यों के हित में इस तरह के और भी आयोजन निरंतर जारी रहेंगे और संस्था अपने यहां अध्यनरत विद्यार्थीयों के समग्र विकास हेतु हमेशा प्रयासरत है।

## जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च में छात्र परिषद के लिए अलंकरण समारोह का आयोजन

**संवाददाता**

**गौतमबुद्धनगर।** जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च में छात्र परिषद के लिए अलंकरण समारोह का आयोजन जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च ने अपने छात्र परिषद के लिए अलंकरण समारोह का आयोजन किया और अपने नवनिर्वाचित पद धारकों का स्वागत किया। अलंकरण समारोह के मुख्य अतिथि श्री स्वप्निल ममगई, कमांडेंट, पी.ए.सी., गौतमबुद्ध नगर थे।समारोह की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद सरस्वती वंदना हुई, जो अंधकार को दूर करने का प्रतीक है।





इसके बाद जीएलबीआईएमआर की निदेशक डॉ. सपना राकेश का उद्घाटन भाषण हुआ। डॉ. सपना ने बताया कि यह कोई साधारण बैच नहीं है, यह शपथ और जिम्मेदारियों के साथ आता है। नेतृत्व कोई पद या उपाधि नहीं है, यह प्रदर्शन करने और उदाहरण स्थापित करने की एक कार्रवाई है।ह्वश्री ममगई जी ने सफल होने और भविष्य के प्रयासों को प्राप्त करने के लिए विचारशील अंतर्दृष्टि साझा की। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति को कभी न खत्म होने वाली कड़ी मेहनत के साथ-साथ हर असफलता को एक सीखने के अनुभव के रूप में लेने की आवश्यकता होती है।समारोह को नृत्य प्रदर्शन, गायन प्रदर्शन से आगे बढ़ाया गया और मंच छात्र प्रतिभाओं और कलात्मक प्रदर्शनों से जगमगा उठा।

नवनिर्वाचित उम्मीदवारों का बैजिंग समारोह आयोजित किया गया, जहां छात्रों को उनकी जिम्मेदारियां सौंपी गईं, इसके बाद पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ, जिन्होंने संस्थान के गौरव को बढ़ाने और मजबूत करने का संकल्प लिया। अंत में प्रोफेसर सपना राकेश द्वारा मुख्य अतिथि को उनकी उपस्थिति और छात्रों को प्रेरित करने के लिए धन्यवाद दिया गया।

## कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए किया जाएगा ऑनलाइन ड्रा

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि फसल अवशेष प्रबंधन के प्रोत्साहन हेतु कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा द्वारा वर्ष 2023.24 के दौरान फसल अवशेष प्रबंधन योजना के अंतर्गत कृषि यंत्रों पर अनुदान देने के लिए विभागीय पोर्टल पर विगत 22 अगस्त 2023 तक आवेदन स्वीकार किये गए थे। जिसमें मुख्यालय द्वारा जिला पानीपत में कुल 560 कृषि यंत्रों का लक्ष्य दिया गया था। योजना के दिशानिर्देशानुसार अनुसूचित जाति के सभी आवेदनकर्ता किसानों के 23 आवेदनों को स्वीकार कर लिया गया है। उप कृषि निदेशक डॉ आदित्य प्रताप डबास ने बताया कि जिन कृषि यंत्रों में लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं उनमें से लाभार्थियों का चयन ऑनलाइन ड्रा के माध्यम से एनआईसी कार्यालय द्वारा दिनांक 27 सितम्बर को दोपहर 12 बजे उपायुक्त कार्यालय में प्रथम तल पर किया जाएगा। सहायक कृषि अभियंता सुधीर कुमार ने बताया कि दस्तावेजो में किसी प्रकार की कोई कमी अथवा गलत जानकारी पाए जाने पर संबंधित किसान अनुदान के पात्र नही होगे। अधिक जानकारी के लिए किसान उप कृषि निदेशक कार्यालयए पानीपत व सहायक कृषि अभियन्ता पानीपत के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

## डीसी वीरेन्द्र कुमार दहिया की आमजन से अपील, अवैध कॉलोनी में प्लाट ना खरीदें लोग

**पानीपत।** डीसी वीरेन्द्र कुमार दहिया ने सोमवार को लघु सचिवालय में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला में अवैध कॉलोनी काटने वालो लोगों के विरूद्ध कार्यवाही करने में कोई भी गुरेज ना करें।

उन्होंने आमजन से भी अपील की कि वे अवैध कॉलोनी में प्लाट ना खरीदें और अवैध कॉलोनी काटने वालों की सूचना भी जिला प्रशासन को दें। इसकी सूचना डीटीपी को भी दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि प्रशासन ऐसे स्थानों की लिस्ट तैयार कर रहा है जहां-जहां अवैध कॉलोनी काटी जा रही हैं। उन्हें किसी भी सूरत में पनपने नही दिया जाएगा।

डीसी वीरेन्द्र कुमार दहिया ने डीटीपी को विशेष निर्देश दिए कि अवैध कॉलोनी काटने वालों पर सख्ती बरतें और नियमानुसार उन पर पूरी कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा तुरन्त प्रभाव से डीटीपी को पुलिस फोर्स उपलब्ध करवाई जाएगी। इस मौके पर एसडीएम पानीपत मनदीप सिंह, डीटीपी संजय आंतिल, डीएसपी नरेन्द्र सिंह व सम्बंधित तहसीलदार इत्यादि भी उपस्थित रहे।

## जिला बाल संरक्षण कार्यालय व क्राइम ब्रांच की टीम द्वारा बच्चों को दी पोक्सो एक्ट तथा बाल तस्करी कानून की जानकारी



**करनाल।** जिला बाल संरक्षण कार्यालय करनाल के सौजन्य से जागरुकता अभियान के तहत राजकीय उच्च स्कूल फूसगढ़ में पोक्सो एक्ट 2012 तथा बाल तस्करी कानून की जानकारी दी गई। जिला बाल संरक्षण अधिकारी रीना रानी ने जानकारी देते हुए बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत यह यूनिट 0 से 18 वर्ष तक जरुरतमंद व बेसहारा बच्चों के हित तथा सुरक्षा के लिए काम करती है तथा विभाग द्वारा चलाई जा रही स्कीमों स्पॉन्सरशिप, फोस्टर केयर इत्यादि स्कीमों की जानकारी दी गई। उन्होंने बच्चों से आह्वाहन किया कि वे अपनी चुप्पी को तोड़ें और अपने अधिकारों के प्रति जागरुक बनें। उन्होंने स्कूलों में बच्चों को दुराचार, अत्याचार व यौन शोषण का शिकार होने तथा बचने के लिए पोक्सो एक्ट 2012 की जानकारी दी तथा बताया कि इस एक्ट का मुख्य उद्देश्य 0-18 वर्ष तक के बच्चों शारीरिक शोषण व यौन शोषण से कैसे बचा जाए और यौन शोषण के खिलाफ सजा के प्रावधान के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि बच्चों के साथ यदि किसी भी प्रकार का शोषण किया जा रहा हो तो वह चाईल्ड हैल्प लाईन नं0 1098, 112 तथा जिला बाल संरक्षण अधिकारी से सम्पर्क कर सकते हैं। शिविर के दौरान एएसआई नमना अहलावत क्राइम ब्रांच मधुबन ने बच्चों को बाल तस्करी से संबंधित अपराध के रोकथाम के विषय में जागरूक किया गया तथा इसके साथ-साथ बाल श्रम भिक्षावृत्ति के विषय में भी जागरूक किया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल दीपक मलिक तथा अन्य अध्यापक सपना, सुदेश, शशि तथा ईश्वर भी उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय वैश्य संकल्प रैली : आशा गोयल

**करनाल।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन महिला विंग की तरफ से एक बैठक का आयोजन किया गया ,जिसकी अध्यक्षता महिला जिला अध्यक्ष आशा गोयल द्वारा की गई। आज की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष उमा गोयल द्वारा की गई। महिला विंग के सदस्य नीलम गोयल ,डॉ निशा गुप्ता, राखी गुप्ता द्वारा आये हुए मुख्य अतिथि का फूलों के गुलदस्ता द्वारा स्वागत किया गया। आज की बैठक का मुख्य उद्देश्य करनाल जिले कि हर ब्लाक में वैश्य समाज की महिलाओं को आगे लाना है। मुख्य अतिथि उमा गोयल द्वारा आज सभी महिलाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि वैश्य संकल्प रैली के लिए आप सबको जींद में आना है।अग्रवाल समुदाय को चमकाना है और राजनीति में आना है ,उन्होंने बताया कि हमारे बच्चों के भविष्य के लिए एकजुट होना जरूरी है।अब अग्रवाल समाज जागरूक हो गए हैं , समाज की सेवा के क्षेत्र में सबसे ज्यादा अग्रणी अग्रवाल समाज ही रहा है, अग्रवाल समाज पूरे प्रदेश में एकजुट होकर अपनी ताकत का एहसास कराने के लिए जींद के अर्जुन स्टेडियम में 1 अक्टूबर को एक भव्य समारोह का आयोजन करने जा रहा है

# सड़कों पर नहीं घूमेगा गौवंश, पहले चरण में छः जिलों में चलाया जाएगा अभियानः मुख्यमंत्री

– गौशालाओं को अतिरिक्त गौवंश रखने पर दी जाएगी विशेष ग्रांट

– मुख्यमंत्री ने गौसेवा आयोग की बैठक में दिए निर्देश



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि राज्य को बेसहारा पशु मुक्त बनाने की दिशा में कार्य करें। पंचायती जमीन पर गौशाला चलाने की इच्छुक सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के साथ समझौता ज्ञापन हो इसके अलावा अतिरिक्त गौवंश रखने की पेशकश करने वाली गौशालाओं को विशेष ग्रांट दी जाएगी।

मुख्यमंत्री हरियाणा गौ सेवा आयोग एवं पशुपालन विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पशुपालन विभाग नियमानुसार राज्य के शत-प्रतिशत पशुधन का टैगिंग करवाना सुनिश्चित करें ताकि अन्य राज्यों के पशुओं की पहचान हो सके। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को भी पत्र लिखा जायेगा कि सभी राज्यों को दिशानिर्देश दें कि वे अपने-अपने राज्यों के पशुओं की टैगिंग करवाएं। पहले चरण में गुरुग्राम, हिसार, सिरसा, भिवानी, करनाल तथा पानीपत जिलों को आवारा पशु मुक्त बनाने के लिए अभियान चलाया जायेगा। उसके बाद राज्य के अन्य जिलों में अभियान चलाया जायेगा।

उन्होंने कहा कि लोगों को भी प्रेरित करना होगा कि गौवंश जब दूध देना बंद कर देता है तो वे उसे खुला ना छोड़ें बल्कि गौशालाओं में देकर जाएँ। गौशालाएं ऐसे पशुओं की देखभाल करेंगी। बैठक में जानकारी दी गई कि प्रति पशु चारे के लिए सालाना 7 हजार रुपये गौशालाओं को दिए जाते हैं। हरियाणा की 91 गौशालाओं से आयोग को प्रस्ताव मिले हैं कि वे अतिरिक्त गौवंश रखने को तैयार हैं। बैठक में इस बात की भी जानकारी दी गई कि डेरा सच्चा सौदा, सिरसा ने हरियाणा को आवारा पशु मुक्त बनाने में राज्य गौ सेवा आयोग को सहयोग देने की पेशकश की है। बैठक में बैठक के दौरान हरियाणा गौ सेवा आयोग अध्यक्ष श्री श्रवण गर्ग जी,मुख्यमंत्री के उप प्रधान सचिव श्री के0 एम0 पांडुरंग, श्री विरेंद्र लोरा डीजी पशुपालन विभाग व पूर्व में रानियां से विधायक और आयोग सदस्य श्री रामचंद्र कंबोज मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गौशालाओं की मॉनिटरिंग के लिए पशुपालन विभाग मुख्यालय स्तर पर एक मॉनिटरिंग सेल का गठन करे। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय श्री मनोहर लाल जी से हरियाणा गौ सेवा आयोग की बेसहारा गोवंश प्रबंधन योजनाओं को लागू करने से पूर्व के उनके प्रारूप पर बैठक हुई।

आयोग के वाइस चेयरमैन पूरन यादव ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि बहुत जल्द हरियाणा प्रदेश बेसहारा गोवंश मुक्त होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में गौवंश के उत्थान के लिए अभूतपूर्व कार्य हुए हैं, भविष्य में गो संवर्धन के कार्यों में और भी तेजी आएगी।

## जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता के 11 वर्ष आयु वर्ग में थानेसर की टीम रही विजेता



**कुरुक्षेत्र।** जिला स्तर पर स्कूली खेलों का शुभारंभ आज विधिवत रूप से हुआ। खेलों के पहले दिन आयु वर्ग 11 खो-खो के मैच में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। जानकारी देते हुए सहायक मौलिक शिक्षा अधिकारी(खेल) हरीश शर्मा ने बताया कि आज खो-खो का मैच थानेसर और शाहबाद की टीम के बीच हुआ। जिसमें थानेसर की टीम ने पहला और शाहबाद की टीम ने दूसरा स्थान पाया। उन्होंने बताया कि जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक के मार्गदर्शन में इन खेलों की पूर्ण तैयारी की गई। सोमवार को प्रतियोगिता के शुभारंभ पर प्रमुख शिक्षाविद व भाजपा के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष डा. ॠषिपाल मथाना व तकनीकी शिक्षा हरियाणा के पूर्व वाइंस डायरेक्टर वी.एल. अरोड़ा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर डा. ॠषिपाल मथाना ने कहा कि खेलों से व्यक्ति शारीरिक रूप से तो सुदृढ़ होता ही है, साथ ही शुद्ध विचारों का भी पालन करता है। उन्होंने कहा हर विद्यार्थी को खेलों में पूरी रुचि लेनी चाहिए क्योंकि इससे विद्यार्थी बुरी संगत से बचता है और अपने जीवन में खूब तरक्की करता है। वाइंस डायरेक्टर वी.एल. अरोड़ा ने कहा आज भागदौड़ भरी जिंदगी में खेलना अति आवश्यक है। जो विद्यार्थी खेलों में रुचि रखता है वह निश्चित तौर पर तरक्की की राह पकड़ता है। इस भव्य आयोजन के लिए उन्होंने आयोजकों को बधाई दी और कहा कि गुरुजनों के प्रयासों से ही विद्यार्थी कामयाबी हासिल करता है। इस मौके पर जसबीर सिंह, राजेश कुमार, रामलाल, तेजेन्द्र आर्य, रोहताश स्वामी, राजीव हुड्डा, सुरेश आर्य, नरेश कुमार, रमेश कुमार, ओम प्रकाश, राजेश डोगरा, किरण कुमार सहित काफी संख्या में शारीरिक शिक्षक मौजूद रहे।

## विश्व शांति के लिए करनाल में होगा राष्ट्रीय शांति महायज्ञ दो अक्तूबर को

**सवा लाख महामंत्रों का जाप करेंगे एक हजार आठ जोड़े**

**करनाल।** श्री एस.एस जैन सभा सैक्टर 14 तथा जैन समाज द्वारा दो अक्तूबर को करनाल में राष्ट्रीय शांति महायत्र का आयोजन श्री कृष्णा मंदिर सैक्टर 14 में किया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रज्ञा ॠषि पंडित रत्न श्री ऊपेंद्र मुनि जी महाराज महादेव मुनि जी प्रशांत मुनि तथा सहदेव मुनि जी के सानिध्य में किया जा रहा हैं। इस दिन सुबह साढ़े आठ बजे भव्य कलश की स्थाना की जाएगी। यह जानकारी जैन मुनि श्री ऊपेंद्र मुनि जी ने दी। उन्होने बताया कि श्री जैन स्थानक सैक्टर 14 में नवकार मंदिर की स्थाना हो चुकी हैं। इसके भव्य कलश की स्थापना दो अक्तूबर को होगी। इसके बाद श्री कृष्णा मंदिर में राष्ट्रीय शांति महायत्र का आयोजन होगा। इसमें एक हजार आठ जोड़े शांति महामंत्र नमो जिणाणं जिय भयाणं का अखंड जाप करेंगे। यह आयोजन विश्व शांति तथा करनाल को अध्यात्म की सरस सरिता में प्रवाहित करने के लिए किया जा रहा हैं। इससे आने वाले समय में लोगों को फायदा मिलेगा। इस




कार्यक्रम में करनाल के अलावा पानीपत, सोनीपत, रोहतक जींद दिल्ली, पंजाब ,उत्तर प्रदेश सहित देश के विभिन्न हिस्सों से धर्मालु पहुंच रहे हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सुमिता सिंह होंगी। कार्यक्रमें पार्षद मेधा भंडारी विशिष्ट अतिथि होंगी। कार्यक्रम में सुशील जैन प्रभात जैन तथा राकेश जैन विशिष्ट अतिथि होंगे। कारर्यक्रम में सुरेंद्र जैन, तथा दिनेश जतैन कलश का आरोहण करेंगे। उन्होंने बताया कि इस दिन सुबह सैक्टर 13 से सुबह सात बजे से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो जैन स्थानक पहुंचेगी। इस अवसर पर गौरव जैन और कृष्ण जैन ने जानकारी दी।

## शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं देगी आप : मास्टर अमर सिंह

**तरावड़ी।** आम आदमी पार्टी के एस.सी. सैल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं गांव गालिबखेड़ी के सरपंच मास्टर अमर सिंह ने शहर के वार्ड नंबर-8 डोडवा बस्ती में परिवार जोड़ो अभियान चलाया। उन्होंने काफी सदस्यों को आम आदमी पार्टी की नीतियां बताकर पार्टी के साथ जोड़ा। प्रदेश उपाध्यक्ष मास्टर अमर सिंह के नेतृत्व में काफी लोगों ने पार्टी में आस्था जताई। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी द्वारा प्रदेश में परिवार जोड़ो अभियान चलाया हुआ है। उन्होंने वार्ड नंबर-8 डोडवा बस्ती में अरविंद केजरीवाल की नीतियों से लोगों को अवगत कराया। परिवार जोड़ो अभियान के तहत अनेक लोगों ने आम आदमी पार्टी में आस्था जताई है। परिवार जोड़ो अभियान का नेतृत्व मास्टर अमर सिंह ने किया। परिवार जोड़ो अभियान के तहत वार्डवासियों ने कहा है कि एक मौका अरविंद केजरीवाल को देंगे ताकि दिल्ली व पंजाब की तर्ज पर हरियाणा प्रदेश में भी शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं मिल सके। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में बदलाव की लहर चल पड़ी है। नहीं है हर वर्ग दुखी है। कोई फैमिली आईडी के नाम से दुखी है तो कोई बिजली के बिलों से दुखी है तो कोई बुढ़ापा पेंशन काटने की वजह से



मास्टर अमर सिंह ने बताया कि वह जब परिवार जोड़ो अभियान के लिए ग्रामीण क्षेत्र में जाते हैं तो लोग बड़े ही दुखी हैं उनकी कोई सुनने वाला दुखी हैं इसलिए लोग बदलाव चाहते हैं। इस अवसर पर रवि तेजा, छब्बेग सिंह, भूष्ण चुघ, सुनील, सचिन समेत कई लोग मौजूद रहे।

# अपराधों की रोकथाम के लिए जिला पुलिस ने मनाया पुलिस उपस्थिति दिवस

**कुरुक्षेत्र।** पुलिस महानिदेशक हरियाणा व पुलिस महानिरीक्षक अम्बाला रेंज अम्बाला श्री शिवास कविराज के निर्देशानुसार दिनांक 25 सितम्बर 2023 को जिला पुलिस कुरुक्षेत्र द्वारा पुलिस उपस्थिति दिवस मनाया गया । इस सम्बन्ध में जिला कुरुक्षेत्र में 13 स्थानों पर विशेष नाके लगवाए गए । जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक कुरूक्षेत्र श्री सुरेंद्र सिंह भोरिया ने बताया कि कुरूक्षेत्र पुलिस द्वारा पुलिस उपस्थिति दिवस के अवसर पर जिला में 13 स्थानों पर नाके लगाकर विशेष नाकाबन्दी की गई। इसके साथ-साथ जिला में करीब 52 पैदल पैट्रोलिंग पार्टियां गश्त पर लगाई गई । यातायात व्यवस्था व दैनिक डयूटियों के अतिरिक्त करीब 554 पुलिस के कर्मचारियों/अधिकारियों ने आम जनता के बीच पुलिस की उपस्थिति दर्ज करवाई गई । जिला पुलिस कुरुक्षेत्र द्वारा पूरे जिले में पुलिस की उपस्थिति दर्ज करवाने के लिए यातायात व्यवस्था व दैनिक डयूटियों



के अतिरिक्त करीब 554 पुलिस के अधिकारी/कर्मचारी पैदल गशत तथा नाकाबन्दी पर जनता के बीच में मौजूद रहे । जिला कुरूक्षेत्र में मोहन नगर चौंक, पुराना बस अडडा, देवी लाल चौंक, पीपली चौंक, सैक्टर 2/3 कट, इन्द्री चौंक लाडवा, बराड़ा रोड़ शाहबाद, कुम्हार माजरा, टयूकर, अधोया व बस अड्डा पेहवा आदि पर विशेष नाके लगाए गए । इस अवसर पर पुलिस द्वारा जिला की व्यस्त गलियों, मार्किट एरिया व अन्य स्थानों पर पैदल गस्त करके अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई । जिला पुलिस के सभी राजपत्रित अधिकारी, सभी प्रबन्धक थाना व चौंकी इंचार्ज, 25 चिता राईडर, पीसीआर व स्कूटी व नाकाबंदी के दौरान 103 वाहन सड़कों पर रहे । इन चैकिंग पार्टियों द्वारा टू-व्हीलर, फोर व्हीलर, हल्के वाहन व भारी वाहनों की जांच की गई है। नियमों की उलंघना करने वालों के मोटर वाहन अधिनियम के तहत 44 चालान काटे गये । पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र श्री सुरेन्द्र सिंह भोरिया ने पुलिस उपस्थित दिवस को महत्वपूर्ण बनाने के लिए स्वयं नाका व गस्त पर निकली पुलिस पार्टियों को चैक किया तथा जनता के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करने के निर्देश दिए । साथ ही पुलिस कर्मचारियों को हिदायत दी कि वह अधिक से अधिक संख्या में जनता से तालमेल बनाने एवं आम नागरिकों के बीच रहकर सुरक्षा व भाईचारा बढाने के उद्देश्य से कार्य करें । आमजन से अपील करते हुए कहा कि वह पुलिस की आंख-कान-नाक बनकर अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त संदिग्ध प्रकार के व्यक्तियों को पकड़वाने में पुलिस का सहयोग करें ।

## खरीद प्रक्रिया शुरू : मंडी प्रधान शीशपाल गुप्ता ने लिया फसलों का जायजा



**तरावड़ी।** तरावड़ी अनाज मंडी में धान की खरीद का कार्य शुरू किया गया। पहले दिन हैफेड व डी.एफ.एस.सी. के अधिकारियों ने धान की सरकारी खरीद शुरू की। इस अवसर पर तरावड़ी अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान शीशपाल गुप्ता भी मौजूद रहे। खरीद प्रक्रिया के शुरू होते ही मार्किट कमेटी सचिव नरेश मान व प्रधान शीशपाल गुप्ता ने बताया कि सरकार के नियमो के अनुसार धान खरीद के लिए धान की नमी 17त्न,व साफ व सुखी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसान की ट्राली खाली होने पर मंडी से बाहर खड़ी करे, ताकि जाम की स्थिति से निपटा जा सके। उन्होंने बताया कि खरीद तीन दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार को हैफेड व मंगलवार, वीरवार व शनिवार को डी.एफ.एस.सी. की होगी। मार्किट कमेटी सचिव ने किसानों से अनुरोध किया है कि वह अपनी फसल सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक लेकर आए। जिससे मंडी की व्यवस्था बनी रहे ओर कोई जाम न लगे। इस अवसर पर प्रधान शीशपाल गुप्ता ने बताया कि तरावड़ी अनाज मंडी में किसी भी प्रकार की कोई समस्या नही आने दी जाऐगी। फसल सीजन में किसानों ओर आढ़तियों को पूरी प्राथमिकता दी जाऐगी। उन्होंने कहा कि यदि किसी को कोई समस्या है तो वह तुरंत अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन से संपर्क करें। इस मौके पर प्रधान शीशपाल गुप्ता, यशपाल शर्मा, बृजेश राणा, अजय जांगड़ा, रणजीत भारद्वाज व इंस्पेक्टर राजीव सहारण समेत कई लोग मौजूद रहे।

# भाजपाने महिलाओं को राष्ट्र प्रतिनिधित्व का सुनहरा अवसर दिया : सुलक्षणा सांवत

**संस्कार उजाला**

**पणजी ।** गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करने का सुनहरा अवसर दिया है। मोदी जी के इस क्रांतिकारक निर्णय का गोवा की महिलाओं की ओर से मैं अपनी गोवा भाजपा महिला मोर्चा की सभी बहनों के साथ इसे हम नमन करते हैं। और मोदी जी का आभार व्यक्त करती हूं, ऐसा गोवा भाजपा महिला मोर्चा की राज्य प्रभारी सुलक्षणा सांवत ने यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा। इस अवसर पर सुलक्षणा सांवत के साथ भाजपा विधायिका दिलायल लोबो, दक्षिण गोवा जिल्हा परिषद अध्यक्षा सुवर्णा तेंडुलकर, राज्य सचिव अनीता कवळेकर तथा अधिवक्ता सुलेखा शेट्ये उपस्थित थे। यहां बता दें, सुलक्षणा सांवत गोवा के मुख्यमंत्री डॉ प्रमोद सावंत कि धर्म पत्नी है लेकिन वह डॉ सावंत मुख्यमंत्री बनने से पहले से लंबे समय से राजनीति में सक्रिय भूमिका निभा रही है। जैसे वह इससे पहले गोवा भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्षा भी रह चूकी है और वर्तमान में गोवा राज्य प्रभारी है। (भाजपा का नारी शक्ति वंदन : दिलायल लोबो) दिलायल लोबो जो उत्तर गोवा की से विधायक हैं, उन्होंने कहा कि, गणेश चतुर्थी के पहले दिन भाजपा ने भारत की महिलाओं यह बड़ा गिफ्ट दिया है। काफी लंबे समय से यह पेंडिंग पड़ा हुआ यह बिल नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संसद ने बहुमत से पारित होने पर देश कि महिलाओं में खुशीयों की लहर दौड़ पड़ी है।यह भाजपा का देश की नारी शक्ति को वंदन है। मेरा वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित किया गया था इसलिए मैं पहली बार वॉर्ड मेंबर के रूप में चुनकर आयी और आज मैं विधायक भी बनी हूं। भाजपा पार्टी हमेशा से अच्छा काम करनेवाले कार्यकताओं को समाज में प्रतिनिधित्व करने का अवसर देता है। और मैं इसका उदाहरण हूं। इस वक्त दक्षिण गोवा जिल्हा परिषद अध्यक्षा सुवर्णा तेंडुलकर ने कहा कि, भाजपा के महिलाओं को सम्मान देने वाली नीतियों के कारण ही मै एक सर्वसाधारण कार्यकर्ता से जिला परिषद की अध्यक्ष बनी हूं। हमारे देश में राजनीतिक पटल पर केवल भाजपा ने महिलाओं को आदर, न्याय और प्रतिनिधित्व दिया है। मुझे इसका आनंद है कि, मेरा भाजपा हमेशा देश की जनता को सुविधाजनक जीवन देने के लिए प्रयास कर रहा है। गोवा राज्य भाजपा सचिव अनीता कवळेकर ने कहा कि, भाजपा की सामाजिक नीतियों तथा प्रयासों के कारण वर्तमान में हम अमृतकाल में प्रवेश कर चुके हैं। मोदी जी के नेतृत्व में



भाजपा के प्रयासों से वर्तमान से लेकर नजदीक भविष्य में हम और अधिक अच्छे दिनों को अनुभव करेंगे, ऐंसा हमें विश्वास है। सुलक्षणा सांवत ने आगे बताया, कई वर्षों से प्रतिक्षित महिला आरक्षण विधेयक सरकार व्दारा लोकसभा में प्रस्तुत हुआ और अपेक्षाकृत बहुमत से पारित भी हुआ। इसके अंतर्गत अब से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33% सीटें देने वाला यह क्रांतिकारी महिला आरक्षण विधेयक लोकसभा ने पारित कर दिया। यह मतदान पर्चियों के जरिए किया गया, इस विधेयक के पक्ष में 454 और विरोध में 2 वोट पड़े। मोदी जी ने इस क्रांतिकारी महिला आरक्षण विधेयक को नारी शक्ति वंदन विधेयक नाम देकर देश की तमाम महिलाओं को सम्मान दिया है। इसलिए हम गोवा राज्य महिला मोर्चा की ओर से देश कि सभी महिलाओं को श हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को हर स्तर पर समर्थन देने का आवाह्न करते हैं। गोवा भाजपा अधिवक्ता प्रमुख सुलेखा शेट्ये ने विश्व के कई देशों में महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व करने के लिए पहले से आरक्षण दिया है। लेकिन दुर्भाग्यवश वर्तमान के विपक्षी दलों के कारण विश्व की सबसे बड़ी प्रजातंत्र भारत में हम अभी तक इस अधिकार से वंचित रहे हैं। यह तो मोदी जी की दूरदृष्टी नीतियों के चलते लेकिन इसके बावजूद भी भाजपा अपने पक्ष की महिलाओं राजनीति में कार्य करने का सही मौका देता है। यह विधेयक पारित होने में देर होने के सवाल और काँग्रेस व्दारा इसे हमारा ही है इस दावें पर प्रहार करते हुए सुलक्षणा सांवत ने कहा कि, आजतक इनसे तो कुछ हुआ नहीं लेकिन फिर भी काँग्रेस के सोनिया गांधी और खरगे आज यह हमारा है, ऐंसे गलत बयानों मै खारिज करती हूं। आप जानकर हैरान होंगे कि हमसे हर तरह से पिछड़े हुए पाकिस्तान संसद में महिलाओं को १७% तो बांग्लादेश में ५०% आरक्षण है। और हमें यह अधिकार आज मिला है। दिलायल लोबो ने कहा कि, भाजपा एकमात्र राजकीय पार्टी है जो महिलाओं को अधिक से अधिक प्रतिनिधित्व करने का अवसर देते आया है। हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा हमेशा ही सामाजिक जीवन में देश की युवा तथा महिलाओं को उचित सुविधा देने के लिए प्रयत्नशील है। सुलक्षणा सांवत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी महिलाओं के लिए सुरक्षा-सम्मान और सहभागिता सुनिश्चित की। महिला आरक्षण बिल याने नारी शक्ति वंदन विधेयक के कारण लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33% सीटें देने के कारण अधिक योग्य महिलाएं राजनीति में सकारात्मक बदलाव लाने में सहभागी होंगी। इससे महिलाओं के सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा, यह कहकर गोवा राज्य में भविष्य में और अधिक अच्छे दिनों का अनुभव आएगा ऐसा दावा किया। सुलेखा शेट्ये ने बताया कि, भाजपा के लिए यह बिल राजनीतिक मुद्दा नहीं बल्कि मान्यता का सवाल है। महिला सशक्तिकरण राजनीतिक मुद्दा नहीं। विपक्ष के कुछ लोगों के लिए यह मात्र सियासी मुद्दा होगा लेकिन वास्तव में देश की लोकसभा और विधानसभाओं में हम महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटें आरक्षित होंगी यह बहुत ही बड़ी बात है। (करण समर्थ : आयएनएन भारत मुंबई)

# नहाने के पानी में मिलाएं नमक पाएं स्वास्थ्य लाभ



■ नियमित रूप से नमक के पानी से नहाने से दाग और झुर्रियां कम होती हैं

*क्या आप जानते हैं नमक के फायदे और नुकसान। कु छ चीजों में नमक फायदा देता है तो कुछ में नुकसान। यदि आपको हाई (ज्यादा) बीपी है तो नमक आपके लिए जहर है, और यदि बीपी लो (कम) है तो नमक आपके लिए फायदेमंद। वैसे नमक के अन्य और भी फायदे हैं, लेकिन वही है की कुछ में फायदे भी दे सकता है और कुछ चीजों में नुकसान भी दे सकता है। जैसे आपका गला खराब है तो डॉक्टर कहता है कि आप नमक के पानी से गरारे करें। यदि आपकी कमर में या पैरों में दर्द है तो आप गर्म पानी में नमक डाल कर एक बड़े टब में आराम से उसमें बैठ जाएं, ऐसा कुछ दिन करने से आपका दर्द दूर हो सकता है। वैसे नमक भोजन में मुख्य रोल अदा करता है। इसके अलावा यह कई अन्य बीमारियों और इंफेक्शंस को भी ठीक करता है। नमक को नहाने में भी इस्तेमाल किया जा सकता है।*

**नमक के पानी से नहाने के कई फायदे हैं**

**त्वचा के लिए :** नमक का पानी यदि प्राकृतिक और शुद्ध रूप से इस्तेमाल किया जाए तो नमक के पानी में कई मिनरल्स और पो षक तत्व होते हैं जो आपकी त्वचा को जवां बनाते हैं। मैग्नीशियम, कैल्शियम, ब्रोमाइड, सोडियम जैसे मिनरल्स त्वचा के रोम छिद्रों में प्रवेश करते हैं। ये त्वचा की सतह को साफ कर इसे स्वस्थ और चमकदार बनाते हैं।

**यह जहरीले और नुकसानकारी पदार्थों को दूर करता है :** नमक के पानी से नहाने से त्वचा से जहरीले तत्व बाहर निकल जाते हैं। गर्म पानी त्वचा के रोम छिद्रों को खोलता है। इससे मिनरल्स त्वचा के अंदर जाकर गहराई तक सफाई करते हैं। नमक का पानी जहरीले और नुकसानकारी पदार्थों और बैक्टीरिया को त्वचा से बाहर निकालता है और इसे जवां बनाता है।

**कई अन्य समस्याओं को भी दूर भगाता है :** यह कई समस्याओं का समाधान करता है। यह ऑस्टियोआर्थराइटिस और टेंडीनिटिस के इलाज में भी कारगर है। ऑस्टियोआर्थराइटिस हड्डियों की खराबी से संबंधित बीमारी है और टेंडीनिटिस नसों की सूजन से संबंधित बीमारी है। नमक के पानी से नहाने से खुजली और अनिद्रा का ईलाज भी होता है।

***पैरों की मांसपेशियों के लिए :*** *पैरों पर शरीर में सबसे ज्यादा दबाव पड़ता है। ये अधिकतर समय मूव करते हैं और शरीर को सपोर्ट प्रदान करते हैं। इससे यहां की मांसपेशियां मुलायम हो जाती हैं और इनमें जूते चप्पलों के कारण छाले भी हो जाते हैं। नमक के पानी से नहाने से मांसपेशियों में दर्द और जकड़न से निजात मिलती है। यह पैरों की दुर्गंध को भी दूर करता है।*

**मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है :** नमक के पानी से स्नान शरीरके साथ ही मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी अच्छा है। इस पानी से स्नान करने के बाद आप ज्यादा शांत, खुश और आराम महसूस करेंगे। यह एक शानदार स्ट्रेस बस्टर है। यह मानसिक शांति भी बढ़ाता है।

**त्वचा की नई परत बनाता है :** त्वचा पर चमड़ी उतरकर नई चमड़ी लाने से भी त्वचा स्वस्थ रहती है। फोस्फेट्स जैसे नमक के पानी से नहाने से डिटर्जेंट की भांति सफाई होती है और चमड़ी उतरकर नई चमड़ी आती है। इससे त्वचा नरम और मुलायम रहती है।

**एसिडिटी में बेहतर :** एसिडिटी एक ऐसी समस्या है जिससे आजकल अधिकतर लोग ग्रसित हैं। इसके ईलाज के लिए महंगी और साइड इफेक्ट करने वाली दवाइयों की बजाय आप नमक के पानी से नहाने के नुस्खे को आजमा सकते हैं। क्षारीय प्रकृति के कारण यह अम्ल की मात्रा को कम करने में मददगार है।

**त्वचा को जवां बनाए रखता है :** नियमित रूप से नमक के पानी से नहाने से दाग और झुर्रियां कम होती हैं। त्वचा नरम और मुलायम बनती है। यह त्वचा को फुलावट भरा बनाता है और स्किन मॉइस्चर का संतुलन बनाए रखता है।

**स्किन को मॉइस्चराइज करता है :** त्वचा के लिए मॉइस्चराइजिंग बहुत जरूरी है। नमक के पानी में मौजूद मैग्नीशियम त्वचा में पानी को ज्यादा देर तक रोकता है। इससे त्वचा मॉइस्चराइज होती है और त्वचा की कोशिकाओं की ग्रोथ भी ज्यादा होती है।

**मांसपेशियों में दर्द और ऐंठन दूर करता है :** नमक के पानी से नियमित स्नान कर ऐंठन को भी ठीक किया जा सकता है। यह गठिया, शुगर या अन्य किसी चोट के कारण हुए मांसपेशियों में दर्द और ऐंठन को भी ठीक कर देता है।

# अब ट्रेंडी समझे जाते हैं रंग-बिरंगे बाल

प्रकृति ने हमारे जीवन को रंगों से इस प्रकार संजोया है कि हम रंगों की रंगीनियों में जीने के आदी हो गए हैं। अब तो बालों को तरह-तरह के रंगों में रंगना भी आम बात हो गई है। पिछले एक दशक से फैशन जगत ने रंगों को इतना बढ़ाया है कि कपड़ों से लेकर जूते-चप्पल व सौंदर्य प्रसाधनों में हर रंग का इस्तेमाल होने लगा है। काला, नीला, बैंगनी, सफेद से लेकर ऐसे और कई रंगों की लिपस्टिक या नेल पालिश, जो पहले कभी हम लगाना सोच भी नहीं सकते थे आज सबसे पहले इन्हीं रंगों की ओर लपकते हैं।



यह रंगों का क्रम अब बढ़ते-बढ़ते केशों तक भी आ गया है। अब तो यदि केशों में रंग नहीं जंच रहा हो तो उसे लिपस्टिक, नेल पालिश या आई लैंस की तरह फौरन ही बदल डाला जा सकता है। वैसे तो चूंकि केशों में रंग उनके अपने प्राकृतिक रंग को बदल कर चढ़ाया जाता है और वह दो महीने से लेकर छह महीने तक या इससे भी अधिक समय तक केशों पर चढ़ा रहता है इसलिए केशों को रंगने से संबंधित संपूर्ण जानकारी होना बहुत जरूरी है।

केशों को इस प्रकार रंगें- (कलर शैंपू)- केशों को रंगने के लिए वैसे तो कलर शैंपू, केमिकल्स कंपाउंड, हेयर डाई, कलर स्टिक तथा नेचुरल डाई के रूप में हिना का काफी चलन है लेकिन आजकल केशों को रंगने के लिए खासतौर पर कलर शैंपू व केमिकल्स कंपाउंड का प्रयोग हो रहा है। कलर शैंपू बाजार में कई प्रकार के रंगों में उपलब्ध है।

यह खासकर सफेद केशों को काले, भूरे, लाल या बैंगनी रंग में अस्थायी तौर से रंगने के लिए प्रयोग होते हैं या फिर हल्के भूरे केशों को या ब्लीच हुए केशों को अस्थायी तौर पर कोई भी एक रंग देने के लिए इस्तेमाल होते हैं। कलर शैंपू केशों को रंगने की एक अस्थायी विधि है इसलिए इसका असर केशों पर लगभग आठ से दस बार शैंपू करने तक रहता है जबकि कलर कंपाउंड द्वारा रंगे हुए केश काफी समय तक रंगीन रहते हैं।

**(कलर कंपाउंड)**- केशों को कलर कंपाउंड द्वारा रंगने की विधि वही लोग अपनाते हैं जो शौकिया तौर पर केश रंगना चाहते हैं। इसलिए यह विधि घरेलू न होकर व्यावसायिक रूप से अधिक प्रचलित है। केशों को कुछ महीने के लिए किसी भी रंग में रंगने के लिए इस विधि में पहले तो केशों का स्वाभाविक कालापन हटा कर ब्लीच किया जाता है। उसके बाद इन पर इच्छित रंग चढ़ाया जाता है इसलिए यह विधि इतनी आसान नहीं है।

**(हेयर डाई)**- यह मूलत: सफेद केशों को काला करने के लिए ही प्रचलित है। डाई रासायनिक होता है व केश बढ़ने के साथ ही केशों में सफेदी आने पर इसे दोबारा लगना पड़ता है इसलिए बार-बार रसायनयुक्त डाई का प्रयोग केशों को कमजोर बनाता है।

**(स्टिक कलर)**- स्टिक कलर केयान के रूप में बाजार में उपलब्ध है। यह केशों को अस्थायी तौर पर ही रंगते हैं। इस विधि से केशों को रंगना इतना आसान होता है कि इच्छित रंग की स्टिक लेकर उसे केशों की लटों पर रगड़ने से ही केशों में रंग चढ़ जाता है और एक-दो बार शैंपू से केश धोने पर रंग आसानी से निकल भी जाता है।

**(हिना)**- हिना मेंहदी केशों को प्राकृतिक रूप से रंगने की एक अस्थायी विधि है। मेंहदी का रंग केशों में गहरा लाल या भूरेपन में आता है। मेंहदी चूंकि एक वनस्पति है इसलिए इसका केशों पर दुष्प्रभाव नहीं पड़ता। वर्षा के दिनों में या जल्दी-जल्दी मेंहदी के इस्तेमाल से तथा उसे अच्छी प्रकार से केशों से न निकाल पाने के कारण केश रूखे हो जाते हैं व मेंहदी के बारीक कण सिर में रह जाने से सिर की त्वचा में खुजली व फंगस की शिकायत हो जाती है।

# सुपर फूड जैसा है अंकुरित भोजन

***शरीर*** में प्रोटीन की कमी होने पर थकान महसूस होती हैं। ऐसे में लोग सप्लीमेंट के तौर पर प्रोटीन लेना शुरू करते हैं। नतीजा हमारे स्वास्थ्य पर उनका बुरा प्रभाव पड़ता है। जबकि प्रोटीन का भी विकल्प मौजूद है। दरअसल, स्प्राउट्स ऐसी चीज है, जिसके खाने से कभी परेशानी नहीं होती। यह प्रचुर मात्रा में पोषक तत्व व प्रोटीन से भरा है। नट्स, अनाज और फलियों को जब पानी में डाला जाता है तो इनमें मौजूद फाइटेट्स खत्म हो जाते हैं। जिससे इसे पचाने में बेहद आसानी होती है। किसी भी अनाज को जब अंकुरित किया जाता है, तो उसमें मिनरल्स, प्रोटीन, विटामिन और अन्य पोषक तत्व अच्छी तरह अवशोषित हो जाते हैं।

जहां तक एंटी-आक्सीडेंट की बात है तो स्पाउट्स में प्रचुर मात्रा में एंटी-आक्सीडेंट पाए जाते हैं। एंटी-आक्सीडेंट शरीर की प्रक्रिया के सही ढंग से चलाने में सहायक होते हैं। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए हम मंहगी से महंगी दवाइयां खरीद लेते हैं पर अपना देसी और सस्ता इलाज भूल जाते हैं। जबकि स्प्राउट्स सबसे बढ़िया व सस्ता विकल्प हैं अपने आप को स्वस्थ रखने का चना, मूंग, राजमा और मटर को रात भर पानी में डाल कर रखें और अगले दिन इसे सब्जी के साथ पका कर या फिर अंकुरित कर खा सकते हैं। स्प्राउट्स बनाने की विधि कच्चे अनाज को सुपर फूड बना देती है। उनमें प्रोटीन, फाइबर और विटामिन की मात्रा काफी बढ़ जाती है।

लंबे समय तक स्वस्थ रहने का सबसे अचछा तरीका है स्प्राउट्स। यह हमें कई तरह की बीमारियों और लाइफस्टाइल संबंधी परेशानी से बचाती है। स्प्राउट्स को पोषक तत्वों का बंडल भी कहा जाता है। अनाज जैसे गेहूं, मक्का रागी, बार्ली और बाजरे को 12 घंटे पानी में भिगोकर मिट्टी में डाल दिया जाता हैं। इनके नन्हें पौधे 10-12 दिनों में तैयार हो जाते हैं। इनका जूस सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होता है। तिल, मूली और मेथी के बीज खाने में तो कड़वे होते हैं, पर इन्हें स्प्राउट्स के साथ मिलाकर खाया जा सकता हैं। हरे और काले चने, के स्प्राउट्स के साथ-साथ ओट्स, बकवीट में उच्च मात्रा में पोषक तत्व पाए जाते हैं।

अलफा अलफा को स्प्राउट्स का राजा कहा जाता है। इसमें मैंग्नीज की उच्च मात्रा पाई जाती हैं और साथ में विटामिन ए, बी, सी, ई और के की प्रचुर मात्रा भी होते हैं। इसमें एमिनो एसिड और दूध से काफी ज्यादा कैल्शियम पाया जाता है।



# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-6-8-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। मांगलिक कार्योंक्रमों का आयोजन होगा। शुभांक-2-5-8

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-5-7-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंग। शुभांक-4-5-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-1-3-6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगें। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। शुभांक-2-4-6

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-5-7-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नही। शुभांक-3-5-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-4-6-8

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वविवेक से कार्य कर। शुभांक-3-6-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूंजी निवेश सोच-समझकर करें। शुभांक-2-4-6


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शत्रुहानि की आशंका रहेगी। आय के योग बनेंगे। किसी की सफलता से प्रेरित होंगे। शुभांक-1-3-5

## काकुरो पहेली - 2958




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



5 + 6 + 7 + 8 + 9 = 35
4 + 6 + 7 + 8 + 9 = 34
5 + 7 + 8 + 9 = 29
6 + 7 + 8 + 9 = 30

**काकुरो - 2957 का हल**



## लॉफिंग ज़ोन

प्रेमी (प्रेमिका से)- मुझे समझ में नहीं आता कि भगवान ने तुम्हें इतना सुंदर बनाने के साथ-साथ इतना मूर्ख क्यों बनाया?

प्रेमिका- ताकि हम दोनों का मिलन हो सके।

प्रेमी- वह कैसे?

प्रेमिका- मैं सुंदर थी इसलिए तुम आकर्षित हुए और मैं मूर्ख थी इसलिए तुम्हे पसंद किया...! समझे।

▯ ▯ ▯

प्रेमी अपने साथ पढ़ रही प्रेमिका से- प्रिये! देखों मैं धोखा खा गया।

प्रेमिका- कैसे, कब और हुआ क्या?

प्रेमी- मैंने तुम्हें मोबाइल दिलाने के लिए घर वालों से झूठ बोलकर किताबों के नाम से पैसे मँगाए थे। उन्होंने किताबें ही भेज दीं।

▯ ▯ ▯

प्रेमी (प्रेमिका से)- अभी यहाँ तुम्हारे पास आते समय रास्ते में कहीं मेरी कलम कहीं खो गई।

प्रेमिका- मेरी तो आज तक कभी कोई चीज नहीं खोई।

प्रेमी- क्यों झूठ बोल रही हो? प्रेम दिवस के दिन ही तो तुम कह रही थी कि मेरा दिल न जाने कहाँ खो गया है।

▯ ▯ ▯

## फिल्म वर्ग पहेली - 2958



**बायें से दायें:-**

१. जैकी श्रॉफ, माधुरी की 'सात सुरों के तार' गीत वाली फिल्म-३
३. 'चांदी की साइकल' गीत वाली गोविंदा, जूही चावला की फिल्म-२
५. अक्षय, करिश्मा की 'गोरी कँवारी सी हसीना का' गीत वाली फिल्म-३
७. नसीरूद्दीनशाह, जैकी, नगमा, शिल्पा की एक फिल्म-२
८. फिल्म 'जाल' की नायिका कौन थी-२
९. 'आयेगा आनेवाला' गीत वाली अशोककुमार, मधुबाला की फिल्म-३
१०. फिल्म 'हीरा पन्ना' में देव आनंद के किरदार का नाम क्या था-२
११. 'दिल क्यों धड़कता है' गीत वाली राहुलराय, पूजा भट्ट की फिल्म-३
१३. जैकी श्राफ, डिम्पल की 'क्या है तुम्हारा नाम' गीत वाली फिल्म-२
१५. दक्षिण की फिल्म 'थेवर मगन' किस भाषा में बनी थी?-३
१७. 'वीरू' 'जय' और 'बसंती' आदि किस सुपर हिट फिल्म के पात्र हैं-२
१८. 'दिल है प्यारे जरा' गीत वाली फिल्म-२
१९. फिल्म 'अनकही' के गीत 'आँखों में अनजाने' का गायक कौन है-२
२०. 'आते आते तेरी याद' गीत वाली संजयदत्त, अनिता की फिल्म-२,१,२
२२. अमिताभ, जीनत की 'जिसका मुझे था इंतजार' गीत वाली फिल्म-२
२३. फिल्म 'सलाखें' में नायक कौन था-२
२५. 'क्यूं ऑंचल हमारा गिरा' गीत वाली अक्षयकुमार, रवीना की फिल्म-२
२६. गीत 'दिल के अरमां आँसुओं में' की गायिका कौन है-३
२८. 'काट दिये नाम सब' गीत वाली फिल्म-३
२९. फिल्म 'रॉकी' की नायिका कौन थी-२
३०. जीतेंद्र, जयाप्रदा की 'आईने के सौ टुकड़ें' गीत वाली फिल्म-१
३१. 'सजना के सामने मैं तो गीत वाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. अजय देवगन, आयशा जुल्का, करिश्मा कपूर की 'बेशक तुम मेरी मुहब्बत हो' गीत वाली फिल्म-३
२. 'मेरी छतरी के नीचे आजा' गीत वाली धर्मेन्द्र, आदित्य, नसीरूद्दीन शाह, सोनू वालिया, पल्लवी, एकता की फिल्म-४
४. अशोक, प्रदीप, मीना कुमारी की 'दिल जो कह न सका' गीत वाली फिल्म-२,२
६. 'एक तो ये बैरी सावन' गीत वाली दिलीपकुमार, शर्मिला की फिल्म-३
११. विश्वजीत, माला की 'रोकना है अगर रोक लीजे मगर' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'मुर्गी ने झूठ बोला' गीत वाली किशोरकुमार, साधना की फिल्म-४
१४. कंवलजीत, वहीदा की 'तुम अपना रंजोगम' गीत वाली फिल्म-३
१६. फिल्म 'गुरू' में नायक कौन था-३
१७. मनोजकुमार, नंदा, जया की 'पानी रे पानी तेरा रंग कैसा' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'सावन बरसता है तुझसे मिलने को' गीत वाली मिथुन, मीनाक्षी की फिल्म-४
२०. जीतेंद्र, रीना राय की 'तेरे हाथों में पहनाके चूड़ियां' गीत वाली फिल्म-२,३
२१. 'आँखों के रस्ते दिल में' गीत वाली बॉबी देओल, रानी की फिल्म-३
२४. अमिताभ, हेमा मालिनी की 'हो जाता है प्यार' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'पानी पानी रे खारे पानी रे' गीत वाली चंद्रचूड़सिंह, अरशद वारसी, रवि गोसाई, तब्बू की फिल्म-३

**फिल्म वर्ग पहेली - 2957**



## सूडोकु -2958

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु -2957 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

## शब्द पहेली -2958




**बाएँ से दाएँ**

1.सुरक्षित-4
4.माहुर,आलता-4
7.कार्य,काज-2
8.रांझे की प्रेमिका-2
9.स्याही,कालिख-2
10.भूमि,धरा-2
12.ठाठ-बाट-2
14.अधर,होठ-2
16.विशाल,श्रेष्ठ-3
18.आदेश,आज्ञा-4
20.कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4
23.काका की पत्नी-2
24.कामदेव की पत्नी-2
25.जनवासा,हरम-4
28.हमसफर-4
30.कपड़े धोने वाला-3
33.आनंद,मौज-2
35.संदेह-2
37.सरूर,खुमार-2
39.मृत्यु का देवता-2
41.पुण्य का विलोम-2
42.परछाई,छाया-2
43.शिव,रुद्र,शंकर-4
44.सराबोर,सना हुआ-4

**ऊपर से नीचे**

1.समान,एक जैसा-2
2.बारीक-3
3.भीगा हुआ-2
4.मेरा (संस्कृत-2)
5.पाना,प्राप्त-3
6.घोड़ागाड़ी,गाड़ी-2
7. कहवा-2
11.उद्देश्य-2
12.गजल लिखनेवाला-3
13.उस जगह-2
15.बारिश,वर्षा-3
16.जी,चित-2
17.मर्द,आदमी-2
18.दरवेश-3
19.मध्य प्रदेश का एक क्षेत्र-3
21.साजन,प्रेमी-3
22.मुलायम-3
26.कायदा,कानून-3
27.महोदय (अंग्रेजी)-2
28.अधिकार-2
29.खटखटाना-3
31.जगत,दुनिया-2
32.प्राण,जीव-2
34.स्वाद-3
35.प्रतिज्ञा-3
36.शरीर,तन-2
38.संध्या,सांझ-2
40.अपशिष्ट पदार्थ-2
41.मस्तूल,नौका पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
42.संग,संगत-2


**शब्द पहेली -2957 का हल**





# बॉलीवुड मेरी जिंदगी में अहम भूमिका निभाता है: विभव रॉय

पद्मावत, लष्टम पश्तम और रेड्रम- ए टेल ऑफ मर्डर जैसी बॉलीवुड फिल्मों में एक्टिंग के लिए पहचान बनाने वाले एक्टर विभव रॉय खुद को बॉलीवुड प्रेमी कहते हैं ।एक्टर ने कहा, बॉलीवुड मेरे जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और मैं बॉलीवुड का बहुत बड़ा फैन हूं। यह कोई नया प्यार नहीं है लेकिन तब से मैंने जीवन में चीजों को समझना शुरू कर दिया है ।विभव ने कहा, उदाहरण के लिए, जब भी मेरे जीवन में कोई घटना घटती है, तो मेरे दिमाग में एक बॉलीवुड संदर्भ होता है और इसे किसी न किसी बॉलीवुड सीन से जोड़ दिया जाता है। जब मैं अपने दोस्तों के आसपास होता हूं, तो मुझे इसे साझा करने में मजा आता है, अन्यथा मैं इसे अपने दिमाग में, अपने तक ही सीमित रखता हूं ।गुस्ताख दिल, कुछ तो है तेरे मेरे दरमियां, मेरी सास भूत है जैसे कई टीवी धारावाहिकों में हीरो की भूमिका निभा चुके अभिनेता को लगता है कि बॉलीवुड एक कला के मूल्य को समझता है और एक कलाकार को उचित श्रेय देता है ।विभव ने कहा, हमारे पास पोस्टर से लेकर फोटो कार्ड, बुकलेट और हैंड-पेंटिंग होर्डिंग तक भारतीय सिनेमा कला के उल्लेखनीय उदाहरण हैं। बॉलीवुड ने हमेशा कला का सम्मान किया है चाहे वह अभिनय, निर्देशन, डांस, पेंटिंग, राइटिंग, सिंगिंग आदि का कोई भी रूप हो और एक कलाकार को उचित श्रेय दिया जाता है ।बॉलीवुड ने हमारे समाज को कई चीजें सीखने में मदद की है और बॉलीवुड फिल्में देखने के बाद ही पुरानी विचारधारा से बाहर आने में मदद मिली है। हम भारत में ऐतिहासिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक परिवर्तनों का आसानी से पता लगा सकते हैं, जैसा कि बॉलीवुड फिल्म उद्योग के लेंस के माध्यम से देखा जाता है ।विभव ने टीवीएफ- द मेकिंग ऑफ ए स्टार सन, फूह से फैंटेसी और हैलो मिनी जैसी वेब सीरीज में भी काम किया है।



# बार्बी 2 में मुख्य भूमिका करने की रॉबी की कोई योजना नहीं

एक्ट्रेस-प्रोड्यूसर मार्गोट रॉबी की संभावित बार्बी 2 में अपनी मुख्य भूमिका को दोबारा करने की कोई योजना नहीं है। दो बार की ऑस्कर नामांकित एक्ट्रेस अपने को-स्टार रयान गोसलिंग को उनके किरदार पर केंद्रित नई फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने देने के लिए काफी खुश हैं, क्योंकि उनके किरदार के इर्द-गिर्द एक और फिल्म बनाने की संभावना बहुत कम है। सूत्रों ने बताया, स्टूडियो में हर कोई केन फिल्म बनाने के बारे में बात कर रहा है, जबकि बार्बी के रूप में मार्गोट के इर्द-गिर्द एक और फिल्म बनाने का विचार नहीं है। जैसा कि सूत्र ने बताया, एक्ट्रेस ने कथित तौर पर इसे स्वीकार कर लिया है, मार्गोट के लिए, यह सब कहानी के बारे में है। सूत्रों ने बताया, बार्बी फिल्म का अंत मार्गोट की बार्बी के वास्तविक महिला बनने के साथ हुआ। उस सफर के फॉलो-अप की आवश्यकता नहीं है।

रयान के लिए एक पूर्ण विकसित केन फिल्म करने की काफी गुंजाइश है जिसमें मार्गोट पर्दे के पीछे से शामिल होंगी। अंदरूनी सूत्र का कहना है कि ग्रेटा गेरविग, जिन्होंने अपने पति नूह बाउम्बाच के साथ लिखी पटकथा से कॉमेडी का निर्देशन किया था, ने जानबूझकर फिल्म के यूनिवर्स को सिर्फ एक बार्बी के इर्द-गिर्द नहीं बनाया। रॉबी को सीक्वेल के लिए वापस आने की उम्मीद नहीं है, लेकिन वार्नर ब्रदर्स के मालिक अभी भी उसे वापस बुलाने की कोशिश में अच?छी खासी रकम की पेशकश कर सकते हैं। जून में, रॉबी ने बार्बी सीक्वल की संभावना के बारे में बात की थी।

उन्होंने पहली फिल्म बनाने के बारे में कहा, मुझे लगता है कि अगर आप पहली फिल्म बनाने की कोशिश करते हैं और सीक्वल की योजना भी बनाते हैं तो आप एक जाल में फंस जाते हैं। हालांकि इसने दुनिया भर में 1.4 अरब अमेरिकी डॉलर की कमाई की है, लेकिन वार्नर ब्रदर्स द्वारा बार्बी के सीक्वल को आधिकारिक तौर पर हरी झंडी नहीं दी गई है।



# फरहान ने किया फिल्म 'डॉन 3' का अनाउंसमेंट

बालीवुड फिल्म निर्माता फरहान अख्तर ने हाल ही में फिल्म 'डॉन 3' की अनाउंसमेंट की। इस फिल्म में रणवीर सिंह, शाहरुख खान को रिप्लेस करते नजर आएंगे। हाल ही में फरहान ने कहा कि वो और शाहरुख इस फिल्म की स्टोरी पर सहमत नहीं थे। एक इंटरव्यू में फरहान ने कहा कि वो डॉन-3 की कहानी को एक दिशा देना चाहते थे। हालांकि इसकी कहानी पर वो और इस सीरीज के पिछले दो पार्ट में लीड एक्टर रहे शाहरुख खान सहमत नहीं थे। यही वजह रही कि फरहान ने फिल्म से शाहरुख को हटाकर रणवीर के साथ काम करने का फैसला किया। फरहान ने कहा, 'मैं इस पोजिशन में हूं ही नहीं कि किसी को रिप्लेस कर सकूं। हम सालों से इन चीजों पर चर्चा कर रहे थे। मैं स्टोरी को जिस डायरेक्शन में ले जाना चाहता था उस पर मैं और शाहरुख सहमत नहीं थे। इसके बाद हमने आपस में बात करके अलग होने का फैसला किया।

हमें लगा कि इस सीरीज के लिए यही बेहतर होगा।'इस फिल्म की अनाउंसमेंट के बाद से ही रणवीर सिंह, शाहरुख खान को रिप्लेस करने को लेकर ट्रोल किए जा रहे हैं। इससे पहले एक इंटरव्यू में फरहान ने रणवीर की साइड लेते हुए उन्हें सपोर्ट किया था। उन्होंने कहा था कि रणवीर कमाल हैं और इस पार्ट के लिए बेस्ट हैं। वो भी आप लोगों की तरह ही एक्साइटेड और नर्वस है। वो इस किरदार में फिट होने की कोशिश कर रहा है जिसे अमिताभ जी और शाहरुख खान ने निभाया है। इस फिल्म की शूटिंग 2025 तक शुरू होगी।

# राजवीर और पलोमा 'दोनों' से डेब्यू को तैयार

बालीवुड एक्टर सनी देओल के सुपुत्र राजवीर देओल और पलोमा फिल्म 'दोनों' से डेब्यू के लिए तैयार है। यह फिल्म बिग स्क्रीन्स पर दस्तक देने से बस कुछ ही दिन दूर हैं। मेकर्स ने फिल्म से नए जमाने के रोमांस का एक और दिलचस्प गाना पेश किया है। रांगला नाम का यह गाना फिल्म की जान माना जा रहा है। यह प्रतिभा सिंह बघेल और शंकर महादेवन द्वारा गाया गया एल्बम का सबसे शानादर ट्रैक है। जबकि रांगला आपकी आत्मा को छू लेगा, इसका संगीत और गीत शंकर-एहसान-लॉय और इरशाद कामिल ने दिए हैं। इससे पहले सामने आए फिल्म के दो गाने जिसमें टाइटल ट्रैक और अग्ग लगदी शामिल है, दर्शकों को बहुत पसंद आए थे। और अब दोनों एल्बम का यह लेटेस्ट गाना इस साल का लव सॉन्ग बनने के लिए तैयार है।

गाने के बारे में बात करते हुए, सूरज बड़जात्या कहते हैं, अवनीश ने इस गाने पर बहुत काम किया है, मुझे लगता है कि यह एल्बम से उनका पसंदीदा गाना है क्योंकि उन्होंने रांगला पर काफी मेहनत की है। अवनीश कहते हैं, रांगला बहुत खास है, यह दोनों के सार को खूबसूरती से बांधता है। यह एक लव गीत है, जिसकी निश्चित रूप से अपनी एक आत्मा है, और यही बात मुझे इसके बारे में सबसे ज्यादा पसंद है।

राजवीर कहते हैं, यह एक ऐसा गाना है जिसमें आप खो जाते हैं। यह वास्तव में दोनों की आत्मा है। रांगला आखिरी गाना था जिसे हमने शूट किया था, और यह फिल्म और फिल्म में हमारी यात्रा का बेहद सुंदर अंजाम था। पालोमा कहती हैं, रांगला फिल्म की जान है! रांगला की खूबसूरती यह है कि जब भी आप इसे सुनते हैं तो यह एक नया गाना बन जाता है। लीरिक्स, आवाज, धुन सभी में आपके दिलों को छू लेने की ताकत है।



# गदर-2 की सफलता के बाद सनी की डिमांड, कई निर्माता-निर्देशकों लगे लाइन में



गदर-2 की अप्रत्याशित सफलता ने फिर से सनी देओल को फिल्म उद्योग में चर्चा में ला दिया है। इस फिल्म की सफलता ने सनी के लिए वहीं काम किया है, जो पहले कभी उनके पिता धर्मेन्द्र के लिए अनिल शर्मा की फिल्म हुकूमत ने किया था। हुकूमत से पहले धर्मेन्द्र ने भी असफलता का लंबा दौर देखा। हुकूमत की सफलता के बाद धर्मेन्द्र ने फिर लगातार सफल फिल्मों की झड़ी लगा दी थी। गदर-2 की सफलता के बाद निर्माता-निर्देशकों को लगने लगा है कि सनी की दर्शकों में अभी भी मांग बरकरार है। फिल्म 'गदर 2'की सफलता के बाद सनी देओल इन दिनों अपने परिवार के साथ अमेरिका में हैं। वे वहां फैमिली वेकेशन मना रहे हैं। इसी बीच अभिनेता के अगले प्रोजेक्ट को लेकर कई तरह की रिपोर्ट्स सामने आ रही हैं। चर्चा है कि गदर-2 की सक्सेस के बाद सनी को बॉलीवुड के कई जाने-माने डायरेक्टर्स ने अप्रोच किया है। हालांकि, 65 की उम्र में हिंदी सिनेमा के इतिहास की तीसरी सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्म देने वाले सनी अपने अगले प्रोजेक्ट को लेकर काफी सोच-विचार कर रहे हैं। रिपोर्ट्स की मानें तब सनी देओल अपनी अगली फिल्म के लिए डायरेक्टर राजकुमार संतोषी से बात कर रहे हैं। चर्चा है कि इस फिल्म को आमिर खान अपने बैनर तले प्रोड्यूस करने वाले हैं। सनी और संतोषी इससे पहले साथ में 'घायल', 'घातक' और 'दामिनी' जैसी हिट फिल्में दे चुके हैं। चर्चा है कि सनी ने डायरेक्टर जोड़ी अब्बास-मस्तान के साथ एक फिल्म को लेकर बैठक की है ।यह एक्शन-थ्रिलर फिल्म है, जिसका सनी ने अभी तक सिर्फ आइडिया ही लिया है। वे जल्द ही इसका नेरेशन भी लेने वाले हैं। डायरेक्टर डुओ अब्बास-मस्तान बाजीगर', सोल्जर और खिलाड़ी जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। इसके अलावा सनी बॉर्डर फेम डायरेक्टर जे पी दत्ता के साथ भी किसी फिल्म को लेकर चर्चा कर रहे हैं। चर्चा थी कि यह बॉर्डर 2 पर इस पर अभी तक कोई कन्फर्मेशन नहीं आया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक राजकुमार शर्मा ने वैकुंठ मीडिया प्राइवेट लिमिटेड सी -285, सेक्टर-11, विजय नगर, गाजियाबाद से छपवाकर कार्यालय 178 राहुल विहार विजय नगर,गाजियाबाद से प्रकाशित किया है। किसी खबर या लेख से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
सभी विवादों का निस्तारण जिला न्यायालय गाजियाबाद में होगा। प्रबंध संपादक-महेश कुमार - 9911733939, कानूनी सलाह- नरेंद्र सिंह रणोत एडवोकेट, सलाहकार कुशल सिंह, RNI No-UPHIN/2013/50466, Editor R.K. Sharma : 09456278011